सांध्य दैनिक

# नई दृष्टिबिंदु

सच की शक्ति, जनता की दृष्टि

PRGI Reg No - CTHIN/25/A3746

वर्ष–01 अंक–118 | संपादक आलोक तिवारी | दुर्ग, सोमवार 18 मई 2026 | पृष्ठ 08 | मूल्य –2 रुपए


**सु-विचार**

*"कभी सोचिए की स्वयं को बदलना कितना कठिन है तो फिर दूसरे को बदलना कैसे सरल हो सकता है...!!"*

*अज्ञात...*

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की रायपुर में नेक्स्ट जेन डायल–112 सेवा शुरु

## 400 आपातकालीन वाहन और 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को दिखाई हरी झंडी

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को माना पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस की अत्याधुनिक 'नेक्स्ट जेन सीजी डायल–112 सेवा' और मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया। उन्होंने 400 डायल–112 वाहन तथा 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, विधायकगण, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



### एक्के नंबर, सब्बो बर थीम पर सेवा

नई डायल–112 सेवा पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत करती है। इससे नागरिकों को एक ही नंबर पर पुलिस, मेडिकल इमरजेंसी, आगजनी, सड़क दुर्घटना और आपदा जैसी स्थितियों में त्वरित सहायता मिलेगी।

400 नए वाहनों में स्माटफीन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड कैमरा, डैश कैम, मोबाइल एनवीआर और सोलर बैकअप जैसी सुविधाएं हैं। इनसे घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रियल–टाइम ट्रैकिंग और त्वरित संचार हो सकेगा।

यह सेवा 24x7 संचालित होगी। इसमें जीआईएस आधारित मॉनिटरिंग, एडवांस व्हीकल ट्रैकिंग, एसआईपी ट्रंक टेक्नोलॉजी और स्वचालित कॉलर लोकेशन पहचान का उपयोग किया गया है। सभी 33 जिला समन्वय केंद्रों को नेटवर्क से जोड़ा गया है। नागरिक वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, व्हाट्सएप, चैटबॉट और रडर–112 इंडिया ऐप से भी सहायता ले सकेंगे।

### घटनास्थल पर ही होगी फॉरेंसिक जांच

'Science on Wheels – Towards Faster Justice' थीम पर 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन शुरू की गई हैं। 32 वैन, 32 जिले, एक संकल्पः सटीक जांच, त्वरित न्याय के उद्देश्य से यह पहल शुरू हुई है।

करीब 65 लाख रुपये प्रति यूनिट लागत वाली इन वैन में घटनास्थल संरक्षण किट, साक्ष्य संग्रहण उपकरण, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम, नार्कोटिक्स परीक्षण किट, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, उच्च गुणवत्ता फोटोग्राफी व्यवस्था, बुलेट होल स्क्रीनिंग, बैलिस्टिक जांच किट और गनशॉट रेजिड्यू परीक्षण किट मौजूद हैं।


### घटनास्थल पर ही प्रारंभिक जांच

अब तक साक्ष्य प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने में समय लगता था। इससे साक्ष्यों के दूषित होने और रिपोर्ट में देरी की आशंका रहती थी। नई वैन से घटनास्थल पर ही प्रारंभिक जांच, साक्ष्य संरक्षण, परीक्षण और डिजिटल दस्तावेजीकरण होगा। राज्य सरकार का उद्देश्य वैज्ञानिक जांच को बढ़ावा देना, साक्ष्य आधारित न्याय प्रणाली को मजबूत करना और समयबद्ध, पारदर्शी जांच सुनिश्चित करना है। अधिकारियों के अनुसार नई सेवाओं से आपातकालीन व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार होगा और अपराध अनुसंधान को गति मिलेगी।

# सोमनी उपकेंद्र में शराब पार्टी का वीडियो वायरल, लाइन सहायक को मिला नोटिस

## कार्यपालन अभियंता ने 15 दिन में मांगा जवाब, वेतन वृद्धि रोकने का प्रस्ताव





*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

सोमनी उपकेंद्र में ड्यूटी के दौरान शराब पार्टी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बिजली कंपनी ने कार्रवाई की है। कार्यपालन अभियंता कौशलेन्द्र पाण्डे ने उप संभाग सोमनी में पदस्थ लाइन सहायक श्रेणी–दो ललेश्वर दास साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मई 2026 की रात कर्तव्य अवधि के दौरान सोमनी उपकेंद्र में लाइन सहायक श्रेणी–दो ललेश्वर दास साहू और आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारी धनेश देशमुख शराब पार्टी करते दिखे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।


कार्यपालन अभियंता ने कहा कि यह कृत्य गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इससे कंपनी की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों का उल्लंघन है।

नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि या गतिरोध भत्ता असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध करने का प्रस्ताव किया गया है। लाइन सहायक श्रेणी–दो ललेश्वर दास साहू को 15 दिवस के भीतर उचित माध्यम से कार्यालय में बचाव कथन और प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा में स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर एकपक्षीय निर्णय लेते हुए प्रस्तावित दंड अधिरोपित कर दिया जाएगा।

# 5 करोड़ की सड़क बनी खतरे की राह

# बीच सड़क में खड़े खंभे और हैंडपंप

## पिपरिया–गांगपुर मार्ग पर लापरवाही उजागर, गुणवत्ता पर भी उठे सवाल





*नई दृष्टिबिंदु / कवर्धा*

कवर्धा जिले के पिपरिया से गांगपुर तक बन रही 3.80 किलोमीटर लंबी सड़क लोगों के लिए सुविधा के बजाय खतरा बन गई है। करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क के बीचो–बीच बिजली के खंभे और हैंडपंप खड़े हैं। बावजूद इसके ठेकेदार ने निर्माण कार्य पूरा कर दिया।

### हर मोड़ पर हादसे का डर

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर चलना अब जोखिम भरा हो गया है। कहीं बीच सड़क पर बिजली का खंभा है तो कहीं हैंडपंप रास्ता रोक रहा है। ग्रामीणों के अनुसार रात के समय वाहन चालकों को ये बाधाएं नजर नहीं आतीं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### गुणवत्ता पर भी सवाल

ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। आरोप है कि सड़क का लेवल सही नहीं रखा गया। कई जगह अपर–डिपर की स्थिति है। सड़क किनारे बने साइड शोल्डर निर्माण के साथ ही धंसने लगे हैं। लोगों का कहना है कि करोड़ों खर्च होने के बाद भी सड़क ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी।

### बिना शिफ्टिंग के कर दिया निर्माण

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और विभाग के बीच समन्वय की कमी से आम लोगों को परेशानी हो रही है। पहले बिजली खंभों और हैंडपंप को हटाया जाना था, लेकिन बिना तैयारी के सड़क बना दी गई।



### पीडब्ल्यूडी ने दी सफाई

मामले पर पीडब्ल्यूडी के ईई अशोक घटेगे ने कहा कि बिजली खंभों को हटाने के लिए विद्युत विभाग से अनुमति मांगी गई थी। अनुमति और डिमांड नोट देर से मिला। विभाग ने कई बार पत्राचार भी किया। उन्होंने बताया कि खंभे हटाने की प्रक्रिया जारी है। कुछ खंभे हटाए जा चुके हैं, बाकी को भी जल्द शिफ्ट किया जाएगा। ईई ने कहा कि जब तक निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं होगा, ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने बाधाओं को जल्द हटाकर सुरक्षित सड़क उपलब्ध कराने की मांग की है।

# खाना न बनाने पर बेटे ने मां की डंडे से पीटकर हत्या की, गिरफ्तार



## पुलगांव पुलिस ने आरोपी अश्वनी पटेल को भेजा न्यायिक रिमांड पर

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

चौकी जेवरा सिरसा क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक बेटे ने अपनी मां की डंडे से पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पुत्र अश्वनी पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है।

### खाना न बनाने पर किया हमला

पुलिस के अनुसार 16 मई को प्रार्थी मनीष पटेल ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बुआ सरस्वती पटेल की किसी अज्ञात व्यक्ति ने ठोस वस्तु से मारकर हत्या कर दी है। जांच के दौरान मृतिका के पुत्र अश्वनी पटेल से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि मां द्वारा खाना नहीं बनाने की बात से नाराज होकर उसने पास रखे डंडे से सिर, माथा, दोनों हाथ, छाती और पेट पर लगातार वार किए। इससे सरस्वती पटेल की मौके पर ही मौत हो गई।

### पीएम रिपोर्ट में गंभीर चोटों की पुष्टि

मृतिका का पोस्टमार्टम चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में कराया गया। डॉक्टर की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में कई स्थानों पर गंभीर चोट लगने से मृत्यु होना बताया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा जब्त कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### पुलिस की अपील

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि घरेलू विवाद या तनाव की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में थाना पुलगांव और चौकी जेवरा सिरसा पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।






## डॉ. रमन से सौजन्य मुलाकात




*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

*शहर के प्रतिष्ठित समाज सेवी और एचटीसी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ' डॉक्टर रमन ने विभिन्न मसलों पर इंद्रजीत सिंह का मार्गदर्शन भी किया । इस मौके पर अनिल सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे ।*

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक हुए लूट का शिकार

## मॉर्निंग वाक करते बाइक सवार मोबाइल छीन कर भागा

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान राजधानी रायपुर में एक बड़ी घटना सामने आई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता धरमलाल कौशिक लूट की घटना का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान एक बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक, धरमलाल कौशिक सुबह करीब सवा 8 बजे घर से टहलने निकले थे। इसी दौरान बाइक पर आए एक युवक ने उनका मोबाइल झपट लिया और मौके से भाग निकला। घटना के समय कौशिक अकेले थे। घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

गौरतलब है कि रायपुर में लगातार मोबाइल लूट की घटनाएं सामने आ रही हैं। दो दिन पहले ही पंडरी इलाके में एक युवक पर ब्लेड से हमला कर उसका मोबाइल लूट लिया गया था। लगातार बढ़ रही ऐसी घटनाओं से शहरवासियों में डर का माहौल है।

### विधायक देवेन्द्र यादव ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल



प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक का मॉर्निंग वॉक के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब भाजपा के वरिष्ठ नेता के साथ इस तरह की घटना हो सकती है तो आम नागरिकों की सुरक्षा की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**गृह मंत्री के दौरे के दौरान वारदात :** देवेन्द्र ने यह भी कहा कि जिस समय देश के गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं, उसी दौरान इस प्रकार की घटना होना सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। देवेन्द्र यादव का आरोप है कि प्रदेश सरकार लगातार कानून व्यवस्था बेहतर होने के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर चोरी, लूट और चाकूबाजी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। देवेन्द्र यादव ने मांग की है कि सरकार केवल दावे करने के बजाय अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करे और जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करे। साथ ही इस घटना में शामिल आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग भी की गई है, ताकि लोगों का कानून व्यवस्था पर भरोसा बना रहे।

# सुशासन तिहार : विधायक ललित चंद्राकर ने विभागीय स्टॉलों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग-उतई*



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेश में सुशासन स्थापित करने एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संचालित सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत शनिवार को नगर पंचायत उतई कार्यालय परिसर में वृहद जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

विधायक श्री चंद्राकर ने शिविर में लगाए गए लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से निराकरण किया जाए। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुशासन तिहार केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का प्रतीक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपने कार्य में लापरवाही बरतेगा और आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ जनता को राहत पहुंचाना है। जब गरीब हितग्राहियों के राशन कार्ड, पेंशन या आयुष्मान कार्ड समय पर बनते हैं और किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान होता है, तभी सरकार की योजनाओं की सार्थकता सिद्ध होती है। अपने संबोधन में विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मोदी की गारंटी के अधिकांश वादे पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास की गति दोगुनी हुई है तथा उतई नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल एवं सामुदायिक भवन जैसे बुनियादी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और सुशासन तिहार इसी सोच का सशक्त माध्यम बनकर सामने आया है।

**गर्भवती महिलाओं को वितरित की गई गर्भवती टोकरी :** कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में पहुंचकर गर्भवती महिलाओं श्रीमती नीलम मंडावी, श्रीमती बिना गोस्वामी एवं श्रीमती खेमिन साहू को सुपोषण आहार युक्त गर्भवती टोकरी भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ माता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है तथा प्रदेश सरकार जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है।

शिविर में जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह, नगर पंचायत उतई अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती नरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, एसडीएम हरिवंश मिरी, तहसीलदार श्री दिवान, सभापति सोनू राजपूत, मंडल महामंत्री चंदू देवांगन, उतई सोसायटी अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी-कमर्चारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विधायक ललित चंद्राकर ने नागरिकों से शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराने तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

**खास खबर**

## वट सावित्री व्रत पर सुहागिन महिलाओं ने की पूजा-अर्चना, पति की लंबी उम्र की कामना



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

वट सावित्री व्रत के अवसर पर न्यू आदर्श नगर, जोन-3 मार्ग क्रमांक 8 में शनिवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ व्रत एवं पूजा-अचर्ना की गई। महिलाओं ने वट (बरगद) वृक्ष की विधि-विधान से पूजा कर अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पूजा के दौरान महिलाओं ने बरगद के वृक्ष पर जल अर्पित किया तथा रोली, अक्षत, फल एवं अन्य पूजा सामग्री चढ़ाकर पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया। इसके पश्चात महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए तने पर कच्चा सूत लपेटकर विधिवत पूजा सम्पन्न की। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

इस अवसर पर महिलाओं ने माता सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण एवं वाचन भी किया। कथा के माध्यम से बताया गया कि वट सावित्री व्रत माता सावित्री के अपने पति सत्यवान के प्रति अटूट प्रेम, समर्पण और निष्ठा का प्रतीक है। माता सावित्री ने अपने तप, साहस और दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण वापस प्राप्त किए थे। कार्यक्रम में सरिता ठाकुर, स्वेता बक्शी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण एवं उत्साह का माहौल बना रहा।

## बघेरा में बड़ी पाइप लाइन लीकेज सुधार कार्य, दो दिनों तक प्रभावित रहेगा जलप्रदाय

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के बघेरा स्थित पानी टंकी के पास बड़ी पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण शुद्ध पेयजल का व्यापक स्तर पर बहाव हो रहा है, जिससे जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हुई है। स्थिति को देखते हुए निगम द्वारा पाइप लाइन रिपेयरिंग कार्य अत्यावश्यक रूप से कराया जा रहा है। यह कार्य आज से 20 मई बुधवार तक जारी रहेगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। निगम प्रशासन द्वारा आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पूर्व पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रहण कर लें ताकि असुविधा से बचा जा सके। प्रभावित वार्ड इस प्रकार है-वार्ड क्रमांक 56 बघेरा एवं एसटीएफ कॉलोनी पूरा वार्ड, वार्ड क्रमांक 01 नया पारा एवं पंचशील नगर पूरा वार्ड वार्ड क्रमांक 02 राजीव नगर पूरा वार्ड वार्ड क्रमांक 03 मठपारा पूरा वार्ड, वार्ड क्रमांक 04 गयानगर पूरा वार्ड, वार्ड क्रमांक 35 बजरंग नगर (टीला आंशिक क्षेत्र) निगम प्रशासन के अनुसार कार्य पूर्ण होने के पश्चात 21 मई से जलप्रदाय सामान्य रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा भारी : वसूला जुर्माना

**दुर्ग।** जिले में शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित मार्ग में लहराते हुए वाहन चला रहे एक चालक को पुलिस ने रोककर जांच की, जिसमें उसके शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि हुई। मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने चालक पर 32 हजार का अथर्दंड अधिरोपित किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं थाना स्टाफ ने एक वाहन चालक को संदिग्ध अवस्था में वाहन चलाते हुए देखा। चालक वाहन को अनियंत्रित तरीके से चला रहा था, जिसके बाद उसे रोककर ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया। जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां सुनवाई उपरांत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने आरोपी चालक अनिल (37 वर्ष), निवासी खातेगांव, मध्यप्रदेश पर कुल 32,000 का जुर्माना लगाया। इस कार्रवाई में टेंगो-2 एवं हमराह स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

# दुर्ग निगम में बढ़ा सियासी घमासान : क्या महापौर बाघमार के खिलाफ आएगा अविश्वास प्रस्ताव?

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

दुर्ग नगर पालिक निगम इन दिनों विकास कार्यों से ज्यादा राजनीतिक खींचतान, अंतर्कलह और विवादों को लेकर सुखियों में है। निगम के भीतर जिस तरह का माहौल पिछले कुछ समय से बन रहा है, उसने शहर की राजनीति को गर्मा दिया है। निगम गलियारों से लेकर राजनीतिक चौपालों और चाय ठेलों तक अब एक ही सवाल चर्चा में है— क्या महापौर अलका बाघमार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी चल रही है?

स्थिति केवल विपक्षी कांग्रेस की नाराजगी तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष के कई पार्षद भी खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। सामान्य सभा की बैठकों में पाषर्दों द्वारा वार्डों की उपेक्षा, विकास कार्यों में भेदभाव और संवादहीनता जैसे आरोप लगाए जा चुके हैं। इससे यह संकेत मिल रहा है कि निगम के भीतर असंतोष लगातार गहराता जा रहा है।

### निगम में पुलिस एंट्री से मचा हड़कंप

हाल ही में निगम परिसर में घटी एक घटना ने राजनीतिक माहौल को और अधिक गरमा दिया। जानकारी के अनुसार, बिना किसी धरना-प्रदर्शन, हंगामे या विवाद की स्थिति के अचानक दो थानों के प्रभारी और सीएसपी- एडिशनल एसपी दुर्ग पुलिस बल के साथ निगम पहुंच गए। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से निगम परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

चर्चाओं के अनुसार, महापौर अलका बाघमार ने विभिन्न विभागों के कार्यपालन अभियंताओं को प्रोटोकॉल संबंधी मुद्दों पर चर्चा के लिए अपने कक्ष में बुलाया था। अधिकारी बैठक में मौजूद थे और सामान्य चर्चा चल रही थी, तभी पुलिस अधिकारियों की एंट्री ने कई सवाल खड़े कर दिए। अब राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थिति बनी कि बिना किसी विरोध या तनाव के पुलिस बल बुलाने की जरूरत पड़ गई? क्या निगम प्रशासन के भीतर संवाद का संकट इतना गहरा चुका है कि अधिकारियों से बातचीत के लिए भी पुलिस की मौजूदगी जरूरी समझी जाने लगी है? या फिर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच विश्वास का संकट बढ़ता जा रहा है?



### वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

इसी बीच सोशल मीडिया पर महापौर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह सार्वजनिक मंच से अधिकारियों को तीखे अंदाज में प्रोटोकॉल और कार्यप्रणाली को लेकर नसीहत देती नजर आ रही हैं। विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के कुछ नेता भी इसे लेकर तंज कस रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि इसी सख्ती और सक्रियता का प्रदर्शन शहर की बुनियादी समस्याओं के समाधान में दिखाई देता, तो दुर्ग शहर की तस्वीर कुछ और होती।

### मंत्री गजेंद्र यादव की सक्रियता से बढ़ी राजनीतिक असहजता

दूसरी ओर प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव लगातार शहर में विकास कार्यों को गति देने में सक्रिय नजर आ रहे हैं। शहर में हाल के वर्षों में शुरू हुए कई बड़े प्रोजेक्ट सीधे मंत्री गजेंद्र यादव की पहल से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें स्टेडियम परिसर में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में आधुनिक स्विमिंग पूल, केनाल रोड निर्माण, जेल चौक से पुलगांव चौक तक फोरलेन सड़क परियोजना, राजेंद्र पार्क चौक का सौंदर्यीकरण, गया नगर में सांस्कृतिक भवन तथा समृद्धि बाजार में सब्जी मंडी के संधारण जैसे कार्य शामिल हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इन परियोजनाओं का श्रेय सीधे मंत्री गजेंद्र यादव और उनके समथर्कों को मिल रहा है, जिससे निगम नेतृत्व असहज महसूस कर रहा है। यही वजह है कि भाजपा के भीतर भी क्रेडिट वॉर की स्थिति बनती दिखाई दे रही है।

### बुनियादी समस्याओं से जूझता शहर

शहर की जनता का बड़ा वर्ग अब भी मूलभूत समस्याओं से परेशान है। व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इंदिरा मार्केट की बदहाल स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं सुराना कॉलेज के सामने फैली गंदगी और बदबूदार माहौल से छात्र-छात्राएं और राहगीर परेशान हैं। इसके अलावा चचर्गेट क्षेत्र में शनिवार को लगने वाले अवैध बाजार के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निगम प्रशासन इन समस्याओं के समाधान में गंभीरता नहीं दिखा रहा।

### भाजपा संगठन तक पहुंची नाराजगी की गूंज

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, निगम के भीतर चल रही खींचतान और हालिया पुलिसिया घटनाक्रम की जानकारी अब रायपुर और दिल्ली तक भाजपा संगठन के वरिष्ठ नेताओं के पास पहुंच चुकी है। सत्ता पक्ष के पाषर्दों में बढ़ती नाराजगी को देखते हुए यह चर्चा भी तेज हो गई है कि आने वाले समय में निगम राजनीति में बड़ा घटनाक्रम देखने को मिल सकता है।

सूत्रों का कहना है कि यदि स्थिति इसी तरह बनी रही, तो पार्षदों का असंतोष अविश्वास प्रस्ताव का रूप ले सकता है। हालांकि अभी तक किसी भी स्तर पर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल दुर्ग नगर निगम की राजनीति में चल रहा यह घमासान आने वाले दिनों में और अधिक दिलचस्प मोड़ ले सकता है। अब सबकी नजर भाजपा संगठन और निगम के भीतर होने वाली अगली राजनीतिक हलचल पर टिकी हुई है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली रैली



राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2026 का थीम है "डेंगू नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारी जांच करें, सफाई करें, और ढंके"

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

दुर्ग जिले में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारी एवं कमर्चारियों के द्वारा कायर्शाला आयोजित कर कार्यक्रम रैली निकाली गयी, जिसमें एडीज मच्छर के काटने से होने वाले डेंगू की उत्पत्ति के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा एवं बचाव तथा उपचार के बारे मे संपूर्ण जानकारी दिया गया।

इस कार्यक्रम में निजी चिकित्सालय एवं पंजीकृत चिकित्सक के समन्वय से समय पर डेंगू रोगीयों की जानकारी प्राप्त कर सम्पूर्ण मुलोपचार, कार्यक्षेत्र की प्रत्येक मितानीन को 3 नारे लेखन हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति तथा शहरी क्षेत्रों में महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित कर डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु समुदाय को जागरुक करने व्यापक प्रचार प्रसार करने निर्देशित किया गया।

इस कार्यक्रम में लार्वा स्त्रोत नियंत्रण के तहत नाली की सफाई, कुलर, गमला, टायर, नारियल खोल, टंकी, प्लास्टिक कंटेनर, जल भराव के क्षेत्र एवं झाड़ियों इत्यादि में मच्छर के लार्वा का स्त्रोत पाया जाता है उसे कीटनाशक दवा टेमिफास, मेलाथियान, इत्यादि से विनिष्टीकरण किये जाने हेतु बताया गया यह कार्यक्रम जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किया गया एवं जिला अस्पताल दुर्ग में 10 बेड का डेंगू वार्ड पृथक से मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है।

इस कार्यक्रम में डॉ. मनोज दानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में डॉ. संजीव ग्लैड जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. आशिषन मिंज, सिविल सर्जन, डॉ. रश्मि ग्लैड जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ.सी.बी.एस. बंजारे जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी दुर्ग के कुशल नेतृत्व मे राष्ट्रीय डेंगू दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मच्छर जनित रोग के बारे में प्रचार-प्रसार बचाव उपचार तथा सभी को मच्छरदानी का उपयोग करने एवं स्त्रोत नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत लार्वा विनिष्टीकरण एवं वयस्क मच्छर का विनिष्टीकरण हेतु बताया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग जिला दुर्ग के समस्त अधिकारी कमर्चारी एवं नर्सिंग कालेज के प्रभारी व छात्राएं उपस्थित रही व उनके द्वारा डेंगू के रोकथाम हेतु संकल्प लिया गया।

# 74वें उर्स मुबारक में निकला शाही संदल, कव्वाली मुकाबले में झूमे श्रद्धालु

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*





हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्ला अलेह, पुराना बस स्टैंड दुर्ग के 74वें उर्स मुबारक (एकता उत्सव) के अवसर पर गुरुवार को भव्य शाही संदल निकाला गया। शाही संदल जामा मस्जिद के पास स्थित खादिम-ए-आस्ताना काबुली सरकार अनवर अली शाह के निवास से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए दरगाह शरीफ पहुंचा।

शाही संदल में मटका पार्टी, राष्ट्रीय बैंड पार्टी, नूरानी घोड़े, मलंगों का करिश्मा एवं आकर्षक लाइट डेकोरेशन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। शहरभर में विभिन्न स्थानों पर शाही संदल का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सालाना उर्स पाक कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का दस्तार पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश देशलहरा, पियूष देशलहरा, हाजी इसराइल बेग शाद सहित कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उर्स मुबारक के अंतर्गत 14 मई 2026 को कव्वाली की जंगी मुकाबला का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल सुल्तान साबरी कव्वाल एंड पार्टी, टीवी एवं रेडियो सिंगर दिल्ली का मुकाबला साकिब उमेर चिश्ती कव्वाल एंड पार्टी, टीवी एवं रेडियो सिंगर दिल्ली के साथ हुआ। यह मुकाबला देर रात से प्रातःकाल तक चलता रहा और श्रोताओं ने पूरी रात कव्वाली का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरजलाल बाकलीवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अल्ताफ अहमद ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी दुर्ग सुखनंदन राठौर उपस्थित रहे, जिन्हें काबुली अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि धीरजलाल बाकलीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि दुर्ग शहर की शालीन परंपरा में बाबा काबुली का उर्स पाक एकता उत्सव के रूप में मनाया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि 74वें वर्ष में प्रवेश करते हुए यह आयोजन कौमी एकता का संदेश दे रहा है, जिसमें सभी धर्म और वर्ग के लोगों का सहयोग दुर्ग शहर की सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सालाना उर्स पाक कमेटी को बधाई दी।

अतिथियों का स्वागत प्रकाश देशलहरा, पियूष देशलहरा, अजहर जमील, हाजी इजराइल बेग शाद, अनीस रजा, अबरार पुवार, शमशेर सहित अन्य लोगों ने किया। कार्यक्रम का संचालन सालाना उर्स पाक कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रऊफ कुरैशी ने किया।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ दुर्ग जिला की कार्यकारिणी हुई बैठक, चिकित्सकों को सौंपे गए दायित्व

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*



भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ दुर्ग जिला की कायर्कारिणी बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 1 जुलाई को चिकित्सक दिवस जिला स्तरीय रूप से मनाने, संगठन के विस्तार तथा विभिन्न चिकित्सकों को दायित्व सौंपने पर चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ दुर्ग जिला संयोजक डॉ. आदर्श त्रिवेदी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आगामी समय में चिकित्सा शिविरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में सह संयोजक के रूप में डॉ. पी. एल. साव एवं डॉ. सीमा साहू, मीडिया प्रभारी डॉ. अंशुल मोदी, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. सुनील साहू, डॉ. अजय गजेंद्र एवं डॉ. सुधीर हिसीकर को जिम्मेदारी दी गई। वहीं विशेष सलाहकार के रूप में डॉ. राहुल गुलाटी तथा प्रवक्ता के रूप में डॉ. संजय गोयल को दायित्व सौंपा गया। जिला कायर्कारिणी सदस्य के रूप में डॉ. रौनक दानी, डॉ. तरुण नायक, डॉ. पारुल गुप्ता, डॉ. रूपेंद्र वर्मा, डॉ. वैशाली भगत, डॉ. प्रयाग दरवाई, डॉ. आशमा खातून, डॉ. अविनाश शुक्ला, डॉ. टी. डी. टंडन, डॉ. योगेंद्र साहू, डॉ. अखिलेश्वर सिंह, डॉ. सत्येंद्र तिवारी, डॉ. पवन जंघेल, डॉ. बृजलाल सारवा, डॉ. लक्ष्मण दीक्षित, डॉ. सतीश बंजारे, महेंद्र कुमार सिन्हा एवं हरिकीर्तन चौहान को जिम्मेदारी प्रदान की गई।

इसके अलावा दुर्ग चंडी मंदिर संयोजक के रूप में डॉ. विजय गुप्ता, पटरी पार संयोजक के रूप में डॉ. अखिलेश रॉय, धमधा संयोजक के रूप में डॉ. संजीव कुमार अग्रवाल एवं डॉ. अनूप गौतम तथा दुर्ग शहर संयोजक के रूप में डॉ. रमा रॉय को प्रभार सौंपा गया। कार्यक्रम की जानकारी भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ दुर्ग जिला के संयोजक डॉ. आदर्श त्रिवेदी द्वारा दी गई।

# दुर्ग जिले में 269 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि जारी

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*




स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-02 के तहत दुर्ग जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 में 269 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण के बाद शासन की ओर से प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया गया है। यह कार्य कलेक्टर दुर्ग अभिजित सिंह के आदेश एवं मार्गदर्शन में किया गया।

जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि जनपद पंचायत पाटन से 110 तथा जनपद पंचायत धमधा से 159 हितग्राहियों के शौचालय निर्माण पूर्ण होने के बाद राशि जारी करने हेतु मांग पत्र भेजे गए थे। इसके आधार पर शासन द्वारा प्रत्येक हितग्राही के खाते में डीबीटी माध्यम से 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई।

इस प्रकार कुल 32 लाख 28 हजार रुपये की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई है। जिला पंचायत द्वारा संबंधित जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि जिन हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण पूर्ण हो चुका है, उनके मांग पत्र शीघ्र जिला पंचायत को भेजे जाएं ताकि समय पर राशि जारी की जा सके।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का तत्काल भौतिक सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-02 अब अंतिम चरण में है तथा आगामी वित्तीय वर्ष से भारत सरकार द्वारा फेस-03 प्रारंभ किया जाएगा। ऐसे में पूर्व में किसी भी योजना से लाभान्वित नहीं हुए पात्र हितग्राहियों को वर्ष 2026-27 में प्राप्त मांग पत्र एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

शासन के निर्देशानुसार जिन हितग्राहियों को नई प्रशासकीय स्वीकृति दी जाएगी, उन्हें अक्टूबर माह तक शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा, ताकि दिसंबर माह तक सभी पात्र हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जा सके।

# बस्तर के बच्चों की खेल प्रतिभा तराशने जगदलपुर में जल्द शुरू होगी नई अकादमी

## बस्तर के पहले आवासीय खेल अकादमी की तैयारी तेज, खेल संचालक ने तैयारियों का लिया जायजा, एथलेटिक्स, फुटबॉल तथा आचर्री का दिया जाएगा प्रशिक्षण

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

बस्तर के बच्चों की खेल प्रतिभा और कौशल को तराशने खेल एवं युवा कल्याण विभाग जगदलपुर में जल्द ही नई अकादमी खोलने जा रहा है। यह बस्तर अंचल का पहला आवासीय खेल अकादमी होगा। यहां बालकों को एथलेटिक्स, फुटबॉल और आचर्री का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अकादमी में प्रवेश के लिए विभाग द्वारा जल्द ही चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।



खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने जगदलपुर पहुंचकर अकादमी शुरू करने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बस्तर के खेल अधिकारियों से चर्चा कर मौजूदा अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, चयन ट्रायल की प्रक्रिया, विद्यालय सुविधा, वाहन व्यवस्था, खेल सामग्री तथा आवास सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तावित अकादमी भवन का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्रीमती सलाम ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ होने से स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे और पदक अर्जित कर सकेंगे। इस अकादमी से बस्तर के नैसर्गिक प्रतिभावान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, डाइट, आधुनिक उपकरण, आवास, शिक्षा, बीमा, किट, इलाज, उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी आदि की सुविधा खेल विभाग से मिलेगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अकादमी में प्रवेश के लिए जल्द ही चयन ट्रायल विज्ञापन जारी किया जाएगा, जिसमें 13 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। एथलेटिक्स में 20, फुटबॉल में 25 तथा आचर्री में 20 खिलाड़ियों का चयन आवासीय अकादमी में प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने खेलो इंडिया लघु केन्द्र पण्डरीपानी में संचालित हॉकी सेंटर का भी दौरा किया। उन्होंने यहां छात्रावास भवन और जिम हॉल का निरीक्षण कर केन्द्र में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों की संख्या और उपलब्ध खेल सामग्रियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों से मिलकर प्रशिक्षण और अन्य सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।

**खास खबर**

## गौधाम को लेकर हाईकोर्ट की सरकार को फटकार, कांग्रेस बोली : दावे कागजी, जमीनी हकीकत अलग



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा गौधाम योजना पर सुनवाई के दौरान सरकार को फटकार लगाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि सरकार के गौधाम बनाने के दावे केवल कागजी हैं। जमीनी हकीकत यह है कि बिलासपुर के लाखासार गौधाम में अव्यवस्थाएं हैं।

### हाईकोर्ट ने पूछा : सड़कों पर आवारा पशु कम क्यों नहीं हुए

सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि जनहित मामले की सुनवाई में हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने सवाल उठाया कि यदि व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है तो सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा कम क्यों नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 10 हजार से ज्यादा गोठानों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बंद कर दिया। इससे खुली चराई बढ़ी है, किसान परेशान हैं और गायें सड़कों पर दुर्घटना का शिकार हो रही हैं।

### 1.84 लाख छुट्टा पशु, जगह मिली सिर्फ 600 को : कांग्रेस

वर्मा ने कहा कि सरकार खुद मान रही है कि प्रदेश में 1 लाख 84 हजार 993 छुट्टा पशु हैं। ढाई साल में केवल 36 गौधाम को प्रशासनिक मंजूरी मिली और सिर्फ 3 बने हैं। एक गौधाम की क्षमता 200 पशु की है। इस तरह केवल 600 पशुओं को जगह मिली। शेष 1 लाख 84 हजार 303 पशु अब भी सड़कों पर भटक रहे हैं।

### गोठान बंद करने से महिला समूहों से छिना काम

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 10 हजार से अधिक गोठान थे। इनमें से 7 हजार से ज्यादा आत्मनिर्भर थे। महिला स्व सहायता समूह और गौठान समिति इनका संचालन करती थी। गांवों में पैरा दान होता था और डे केयर के रूप में पशुधन को संरक्षण मिलता था। भाजपा सरकार ने गोठानों में ताला लगाकर पशुधन के साथ अन्याय किया और महिला समूहों से काम छीन लिया। उन्होंने कहा कि ढाई साल में पशुधन संरक्षण के लिए कोई ठोस काम नहीं हुआ।

# हर घर में पढ़ाई का एक कोना हो, तभी बच्चे आगे बढ़ेंगे- राज्यपाल रमेन डेका

## बैगा विद्यार्थियों और महिलाओं से मिले राज्यपाल, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

राज्यपाल रमेन डेका ने कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम ढोलबज्जा पहुंचकर बैगा विद्यार्थियों और बैगा महिला स्व-सहायता समूहों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपनों, पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हर घर में एक कोना सिर्फ पढ़ाई के लिए होना चाहिए। तभी बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि भले ही वे स्वयं स्कूल नहीं जा पाए हों, लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए जरूर स्कूल भेजें। उन्होंने शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे शिक्षकों और युवाओं से कहा कि वे ड्रॉप आउट बच्चों को भी फिर से स्कूल से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को घर और आसपास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया और कहा कि नई पीढ़ी को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन स्तर और औसत आयु में सुधार लाना है।

इस दौरान बैगा छात्रा हेमकुमारी ने बताया कि उसने 12वीं कक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही है। वहीं गायत्री मोरावी ने बीएससी नर्सिंग करने की इच्छा जताई। शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे नितेश बैगा ने बताया कि वे बैगा बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि यह गर्व की बात है कि अब बैगा समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। डॉक्टर, नर्स और अन्य क्षेत्रों में जाने का सपना देख रहे हैं तथा दूसरे बच्चों को भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि शासन द्वारा पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने लखपति दीदियों से उनके कार्यों और आय के स्रोतों के बारे में जानकारी ली। जय लक्ष्मी स्वच्छता समूह से जुड़ी श्रीमती रजतिन मरावी ने बताया कि वे बांस से सूपा, टोकरी जैसे विभिन्न सामग्री तैयार करती हैं, जिससे उन्हें एक लाख रुपये तक की आय हुई है। वहीं सुखिया बैगा ने बताया कि वे सूकर पालन का कार्य कर रही हैं और इससे एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में बेहतर कार्य कर रही हैं, लेकिन इसमें और अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं को वैल्यू एडिशन और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सके। उन्होंने महिलाओं को ट्राइबल मिलेट्स की खेती और उससे जुड़े उत्पाद तैयार करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक महिलाएं समूहों से जुड़ें और अपने उत्पादों का निर्माण बढ़ाकर स्थानीय बाजारों में विक्रय करें, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके। इस दौरान उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत बैगा परिवार को आवास की चाबी दी साथ ही शौचालय के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इस इसमें 4 गांव शामिल हैं, जहां लगभग 1100 की आबादी निवास करती है। उन्होंने जानकारी दी कि यहां जनमन योजना के तहत 248 आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं बिहान योजना के अंतर्गत 22 स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिनमें 18 बैगा समूह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं बांस से विभिन्न उपयोगी सामग्री तैयार करने, राजमिस्त्री कार्य तथा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालन जैसे कार्यों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

**बैगा दीदियों के उत्पादों में वैल्यू एडिशन पर राज्यपाल ने दिया जोर :** राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी बैगा महिलाओं से भी मुलाकात की और उनके आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं की कहानियां सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों की संस्कृति को संरक्षित रखते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

# छग का स्मार्ट रजिस्ट्री मॉडल बना देश के लिए प्रेरणादायी उदाहरण



## दो माह में भारत सरकार के अधिकारियों का तीसरा दौरा, सचिव ने की सराहना

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

छत्तीसगढ़ का स्मार्ट रजिस्ट्री मॉडल अब देशभर के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव नरेंद्र भूषण ने राज्य के पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा किए गए तकनीकी नवाचारों और नागरिक-केंद्रित सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायी है।

भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा पिछले दो माह में यह तीसरा दौरा है, जो राज्य में लागू स्मार्ट रजिस्ट्री प्रणाली, ऑटो म्यूटेशन और डिजिटल सेवाओं के प्रति बढ़ती राष्ट्रीय रुचि को दर्शाता है। दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सचिव नरेंद्र भूषण ने मंत्रालय महानदी भवन में पंजीयन विभाग की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव नितिन खाडे तथा निदेशक श्याम कुमार भी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में सचिव पंजीयन भुवनेश यादव तथा महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए प्रमुख सुधारों और नवाचारों का प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण में नागरिक सुविधाओं के विस्तार, पंजीयन प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण, डिजिटल सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, पारदर्शिता और सेवा वितरण में सुधार से संबंधित पहलों की जानकारी दी गई। साथ ही विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे नेक्स्ट जनरेशन रजिस्ट्री प्लेटफॉर्म की रूपरेखा और भावी कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

सचिव नरेंद्र भूषण ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पंजीयन मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा राज्य के नागरिकों को सर्वोत्तम सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की विशेष सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने सीबीडी, नवा रायपुर अटल नगर स्थित स्मार्ट उप पंजीयक कार्यालय का निरीक्षण किया और ऑटो म्यूटेशन से एकीकृत एंड-टू-एंड डिजिटल रजिस्ट्री प्रक्रिया का अवलोकन किया। अधिकारियों ने उन्हें संपूर्ण पंजीयन प्रक्रिया, डिजिटल व्यवस्थाओं और नागरिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सचिव भूषण ने कहा कि पारदर्शी, सरल और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में छत्तीसगढ़ की यह पहल अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने कहा कि राज्य का स्मार्ट ऑफिस मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की नीति पर विचार किया जाएगा।

# भोरमदेव पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका, पूजा-अचर्ना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

राज्यपाल रमेन डेका ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र भोरमदेव पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अचर्ना की। उन्होंने जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा ने भी मंदिर में पूजा-अचर्ना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



राज्यपाल श्री डेका ने भोरमदेव मंदिर की स्थापत्य कला, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि भोरमदेव केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लगभग 146 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रहा भोरमदेव कॉरिडोर इस क्षेत्र के पर्यटन और समग्र विकास को नई पहचान देगा। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर निर्माण से यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे स्थानीय रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के माध्यम से स्थानीय कला, संस्कृति और पारंपरिक उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रमदान कर ग्रीन आर्मी ने किया गदही तालाब की साफ-सफाई

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन द्वारा गदही तालाब में विगत 13 सप्ताह से लगातार जनसहभागिता के साथ सफाई एवं श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। आज आयोजित अभियान में लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर तालाब संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। समय बीतने के साथ लोगों का जोश, जनसमर्थन एवं सहभागिता लगातार बढ़ती जा रही है। अब यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहकर जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है, जिसमें हर वर्ग के लोग स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं।



अभियान के दौरान अब तक तालाब परिसर में गार्डन की सफाई, पचरी एवं पाथवे की सफाई, पाउच-पन्नी-पॉलीथिन हटाना, हनुमान मंदिर परिसर एवं आसपास की झाड़ियों की सफाई, कंटीली झाड़ियों को हटाना, तालाब में गिरे पेड़ों को निकालना, स्ट्रीट लाइट चालू करवाना एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु खंभे लगाए जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। सफाई अभियान के दौरान तालाब क्षेत्र से गद्दा, तकिया, साड़ी, पूजन सामग्री, दवाई की स्ट्रिप, इंजेक्शन सामग्री, मेडिकल कचरा, कांच, कील, डिस्पोजल, थर्माकोल एवं अन्य जहरीली एवं नुकसानदायक सामग्री बड़ी मात्रा में निकाली गई। यह दृश्य इस बात का प्रमाण है कि यदि समाज जागरूक न हो तो जलस्रोत किस प्रकार धीरे-धीरे प्रदूषण एवं अव्यवस्था की चपेट में आ जाते हैं। ग्रीन आर्मी द्वारा लगातार डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों को तालाब संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा पम्पलेट वितरण कर जनभागीदारी बढ़ाई जा रही है। अभियान में मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वर्षों बाद तालाब परिसर में ऐसा सकारात्मक परिवर्तन एवं सामाजिक एकजुटता देखने को मिल रही है।

अभियान में संस्था के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, स्थानीय पार्षद महेंद्र औसर सहित डीडीयू नगर जोन, पुरानी बस्ती जोन, टाटीबंध जोन, ब्राह्मणपारा जोन एवं अमलेश्वर जोन सहित ग्रीन आर्मी के विभिन्न जोनों के सदस्यों ने श्रमदान किया। रायपुरा जोन अध्यक्ष सुबोध कांत निषाद एवं सचिव मेघराज हरिनखेड़े सचिव मनीष शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण टीम लगातार सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य कर रही है। संगठन शक्ति निरंतर मजबूत होती जा रही है तथा प्रत्येक सप्ताह नए लोग इस मुहिम से जुड़ रहे हैं। स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम का सहयोग भी लगातार प्राप्त हो रहा है। आज भी नगर निगम द्वारा 5 कमर्चारियों को सफाई कार्य हेतु भेजा गया।

# आकाशवाणी के नब्बे साल पूरे होने पर वॉकाथॉन का हुआ भव्य आयोजन

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

आकाशवाणी के नब्बे साल पूरे होने पर शुक्रवार 15 मई की सुबह आकाशवाणी रायपुर की ओर से वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में आकाशवाणी स्टॉफ श्रोता, कलाकार एवं समूचे छत्तीसगढ़ से गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लोक प्रसारण के क्षेत्र में आकाशवाणी की उपलब्धियों को प्रदर्शित करती श्रव्य-दृश्य की बानगी आकर्षण का केन्द्र रहीं।



आकाशवाणी महानिदेशालय दिल्ली के निर्देशानुसार आकाशवाणी रायपुर के उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) एवं क्लस्टर प्रमुख (छत्तीसगढ़) वी. राजेश्वर के नेतृत्व में सुबह सात बजे आकाशवाणी परिसर से वॉकाथॉन आरंभ हुआ। आकाशवाणी के गौरव को बयान करती स्लोगन की तख्तियों को थामे अधिकारी-कमर्चारी, नैमित्तिक उद्घोषक, श्रोता, स्थानीय नागरिक, सेवानिवृत्त कमर्चारी तथा आउटसोर्सिंग स्टॉफ ने सधे हुए कदमों से मार्च किया। इनके साथ चल रहे वाहन में आकाशवाणी रायपुर की मधुर सांकेतिक धुनों एवं कार्यक्रम संबंधी ध्वनि चित्रों ने सबको मोहित कर दिया। मार्च में शामिल महिलाओं एवं पुरूषों की सफेद टी-शर्ट तथा टोपी पर आकाशवाणी प्रसारण की उपलब्धियों को सिलसिलेवार अंकित किया गया था, जिसमें 1936 से 2026 तक की झलक दर्ज थी।

इस अवसर पर आकाशवाणी रायपुर के उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) वी. राजेश्वर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आकाशवाणी के इतिहास में आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा। सन 1936 में आकाशवाणी के पहले प्रसारण के बाद अब तक के सफर में रेडियो प्रसारण ने अपनी साख को बनाये रखा है। रेडियो से जुड़े सभी लोगों के उत्साह और उमंग ने मुझे अभिभूत कर दिया है।

इस आयोजन में आकाशवाणी रायपुर के कार्यक्रम प्रमुख पंकज मेश्राम, दूरदर्शन रायपुर के उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) संजय मिश्रा, पीआईबी के डीडी जय भाई और माय भारत के उपनिदेशक अर्पित तिवारी और प्रादेशिक समाचार एकांश रायपुर के उपनिदेशक (समाचार) विकल्प शुक्ल विशेष रूप से शामिल हुए।

# धमतरी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, हेलीपैड पर कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर-धमतरी*

जिला स्तरीय सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक दिवसीय प्रवास पर धमतरी पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ कमिश्नर रायपुर श्याम धावड़े भी है। मुख्यमंत्री के आगमन पर हेलीपैड में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा उनका गर्मजोशी एवं जोशीले अंदाज में स्वागत किया गया।



इस अवसर पर सांसद महासमुंद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, विधायक कुरूद अजय चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, महापौर रामू रोहरा, नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती पिंकी ध्रुव, श्रवण मरकाम, जनप्रतिनिधि प्रीतेश गांधी, राजेश शर्मा, प्रकाश बैंस सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# एमएसपी पर राजनीति तो हमेशा होती है

**केंद्र सरकार हर साल खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है। हर साल फसलों का समर्थन मूल्य कुछ न कुछ बढ़ाया जाता है। ऐसा नहीं है कि फसलों का समर्थन मूल्य केंद्र सरकार अपनी मर्जी से बढ़ा देती है। देश में हर साल फसलों का समर्थन मूल्य एक तय प्रक्रिया के मुताबिक बढ़ाया जाता है। ऐसा भी नहीं है कि यह प्रक्रिया कांग्रेस सरकार के समय कुछ थी और मोदी सरकार के समय कुछ और हो गई है। जिस तय प्रक्रिया का माध्यम से कांग्रेस के समय फसलों की एमएसपी तय होती थी, उसी तय प्रक्रिया के मुताबिक आज भी एमएसपी तय होती है। जब भी केंद्र सरकार धान का एमएसपी बढ़ाती है तो छत्तीसगढ़ में उसे लेकर राजनीति हमेशा होती रही है।**

छत्तीसगढ़ में सरकार भाजपा की हो या कांग्रेस की हो जब भी केंद्र सरकार एमएसपी की घोषणा करती है तो राज्य में जो विपक्ष हो या सत्ता मे हो राजनीति जरूर होती है। चुनावी राजनीति में राज्य में किसानों को बोटबैंक एक बड़ा वोट बैंक है, इसलिए सत्ता पक्ष हो या विपक्ष उनमें खुद को किसान हितैषी बताने की होड़ सी लगी रहती है ।वतर्मान में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विपक्ष में है और सरकार भाजपा की है तो केंद्र सरकार ने जैसे ही एमएसपी की घोषणा कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया आने लगी ।केंद्र सरकार ने धान की समर्थन मूल्य 72 रूपए बढ़ाया है कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे ऊंट के मुंह में जीरा कहा है तो धनेंद्र साहू ने इसे मामूली वृध्दि बताया है। इसे किसानों के साथ अन्याय कहा है ।उनका कहना है कि खेती की लागत बढ़ती जा रही है ।ऐसे में मामूली बढ़ोतरी किसानों के घाव पर मरहम नहीं बल्कि मजाक है।

कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू याद कर रहे हैं और जनता को याद दिलाने का प्रयास कर रहे हैं कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो सरकार ने 2500 क्विंटल के अतिरिक्त जब जब केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य बढ़ाया तो तब कांग्रेस सरकार ने समर्थन मूल्य की राशि जोड़कर किसानों को भुगतान किया था। यानी वह बता रहे हैं कि उनके समय में किसानों को समर्थन मूल्य जोड़कर भुगतान किया गया था यानी 2500 से ज्यादा भुगतान किया गया था। यह सच तो है लेकिन पूरा सच नहीं है क्योंकि कांग्रेस के समय पूरे पांच साल 2500 और हर साल का समर्थन मूल्य जोड़कर भुगतान नहीं किया गया था ।एक दो साल ही ऐसा किया गया था। तीन चार साल तो कांग्रेस सरकार भी यही कहती थी किसानों को सबसे ज्यादा पैसा दे रहे हैं इसलिए समर्थन मूल्य जोड़कर देने की जरूरत नहीं है।

अपने समय में तो कांग्रेस किसानों को पांच साल 2500 से ज्यादा पैसा नहीं दिया लेकिन वह अब जब केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 72 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा दिया है तो धनेंद्र साहू मांग कर रहे हैं कि भाजपा सरकार ने किसानों को धान का मूल्य 3100 रुपए देने की घोषणा की है तो उसे इस साल किसानों को 3100 और 72 रुपए इस साल का समर्थन मूल्य और पिछले साल का समर्थन मूल्य जोड़कर किसानों को 3358 रुपए दिया जाना चाहिए। कांग्रेस ने साय सरकार से पिछली बार भी मांग की थी कि राज्य के किसानों को 3100 मे समर्थन मूल्य जोड़कर भुगतान किया जाए। सीएम साय जानते हैं कि कांग्रेस नेता कांग्रेस को किसान हितैषी साबित करने के लिए इस बार भी ऐसी मांग करेंगे।

इसलिए सीएम साय ने केंद्र सरकार के समर्थन मूल्य की घोषणा करने के साथ ही यह साफ कर दिया था कि राज्य में किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की जाती है। वर्तमान में सामान्य धान 2369 रुपए,ग्रेड ए 2389 की दर से खरीदा जाता है ।इसके बाद अंतर की राशि किसानों को एक साथ दी जाती है। इस साल केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 72 रुपए बढ़ाया है तो अब किसानों से सामान्य धान 2441 रुपए और ए ग्रेड धान 2461 रुपए की दर से खरीदा जाएगा। चूंकि राज्य सरकार किसानों से 3100 रुपए में धान खरीद रही है इसलिए राज्य सरकार किसानों को अंतर की राशि में 72 रुपए की कटौती करके किसानों को भुगतान करेगी। यानी किसानों को तो प्रति क्विंटल 3100 रुपए मिलेगा,अंतर की राशि किसानों को कम मिलेगी। ऐसा कांग्रेस सरकार ने कई साल किया है अब साय सरकार भी वही कर रही है। कांग्रेस के समय यह सही था तो आज भी सही माना जाएगा ।जहां तक किसान हितैषी होने का सवाल है किसान जानते हैं कि कौन सही में किसान हितैषी है।



## सू- दोकू क्र.042

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.041 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# छत्तीसगढ़ भाजपा में बदलाव के मायने

*दिवाकर मुक्तिबोध*



**छत्तीसगढ़ राज्य विधान सभा के अगले चुनाव के लिए करीब ढाई वर्ष शेष है। नये चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2028 में होंगे। भाजपा की चुनाव तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रदेश कार्य समिति व कोर कमेटी से कुछ पुराने वरिष्ठ सदस्यों को विदा कर नये व ऊर्जावान साथियों को शामिल किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि केन्द्रीय नेतृत्व चुनाव के पूर्व अपेक्षाकृत नयी टीम को मैदान में उतारना चाहता है। फिलहाल जो बदलाव हुए हैं , वे चुनाव में उजली संभावनाओं को ध्यान में रखकर किए गए हैं। इस प्रक्रिया में विरोध व असंतोष की लहर का उठना स्वाभाविक है, पर फिलहाल उसकी गति मंद है। कोर कमेटी से सात दिग्गज नेताओं पुन्नूलाल लाल मोहले, गौरीशंकर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, राम विचार नेताम, विक्रम उसेंडी, रेणुका सिंह व वतर्मान विधान सभा अध्यक्ष डॉक्टर रमनसिंह को बाहर कर दिया गया है। ये सभी अलग-अलग अवधि मे सरकार व संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है। इनके स्थान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, लता उसेंडी व शिवरतन शर्मा को लिया गया है। प्रदेश कार्य समिति में भी बदलाव किया गया है। 23 विधायकों को सदस्य नहीं बनाया गया जबकि परंपरागत रूप से पार्टी के सभी विधायक विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कार्य समिति में रहते हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की नयी टीम में 14 मंत्री व 17 विधायकों को जगह दी गई है। विधान सभा में भाजपा विधायकों की कुल संख्या 54 है।**

केन्द्रीय नेतृत्व के मिजाज व कायर्शैली को देखते हुए यह कोई आश्चर्यजनक घटना नहीं है। भाजपा प्रयोगधर्मी पार्टी है। पुराने व पके हुए नेताओं को मुख्य धारा से हटाने की प्रक्रिया पूर्व में अहिस्ता-अहिस्ता और अब कुछ तेज गति से शुरू है। पिछले दस वर्षों में चाहे संगठन के मामले हों या विधान सभा या लोकसभा चुनावों में प्रत्याशियों के चयन का मसला हो , पार्टी ने ऐसे-ऐसे नेताओं को टिकिट दी जिनकी राजनीतिक पहचान खास नहीं थी। नेतृत्व ने जोखिम भरे निर्णय लिए जो कभी गलत साबित नहीं हुए। यह अलग बात है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा और आरएसएस की जमीनी ताकत चुनावों में अपना असर



दिखाती रही। लगभग तमाम चुनावों में प्रत्याशी नहीं पार्टी जीतती रही है। इसलिए अनेक मामूली से मामूली नेता भी सांसद व विधायक बन गए और कुछ को मंत्री बनने का भी सौभाग्य मिला। भाजपा की नीति बहुत स्पष्ट है। यहां नेता नहीं संगठन सवीपरि है इसलिए कोई भी जीत व्यक्ति की नहीं, पार्टी की मानी जाती है। इसलिए कठोर से कठोर निर्णय लेने में भी पार्टी आगे-पीछे नहीं देखती। छत्तीसगढ़ इसका ताजा उदाहरण है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मामले में राष्ट्रीय नेतृत्व की कथित सलाह पर प्रादेशिक नेतृत्व ने कोर कमेटी व कार्य समिति से वरिष्ठ नेताओं की छुट्टी करके स्पष्ट संकेत दिया है कि उनके सक्रिय राजनीति से रिटायर होने का वक्त आ गया है।

कोर कमेटी से हटाए गए रमनसिंह पंद्रह वर्षो तक मुख्य मंत्री रहने के बाद अब विधान सभा अध्यक्ष हैं। 2023 के विधान सभा चुनाव के दौरान काफी समय तक उनकी कोई खास पूछ-परख नहीं हुई थी। एक तरह से वे हाशिए पर थे। प्रारंभ में उन्हें चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण निणर्यो से बाहर ही रखा गया लेकिन नेतृत्व को इस बात का अहसास होते ही कि पूर्व मुख्य मंत्री की उपेक्षा पार्टी को भारी पड़ सकती है, उन्हें पुनः मुख्य धारा में लाया गया। भाजपा ने चुनाव जीता और रमनसिंह सिंह की वरिष्ठता को देखते हुए उन्हें 'एडजस्ट' किया गया। वे विधान सभा अध्यक्ष बना दिये गये। बहुत संभव है कि यह उनका आखिरी राजनीतिक सफर हो। उनकी उम्र तथा स्वास्थगत समस्याओं को देखते हुए नहीं लगता कि उन्हें अगले चुनाव की टिकिट दी जाएगी। अलबता यदि वे दिलचस्पी दिखाएं तो उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल बनाया जा सकता है। चर्चा रही है कि 2018 के चुनाव में पार्टी की बुरी हार के बाद उन्हें इस आशय का प्रस्ताव दिया गया था जिसे उन्होंने मंजूर नहीं किया।

कोर कमेटी से जो अन्य नेता बाहर किये गए हैं, उनमें से बृजमोहन अग्रवाल को छोड़कर शेष की सक्रियता पर सवाल उठते रहे हैं। जिन विधायकों को कार्य समिति में स्थान नहीं मिला, वे भी हैरान परेशान हैं। उनके असंतोष की जो धीमी लहरें उठ रही हैं उसके विशेष मायने नहीं हैं लेकिन 'असंतुष्ट ' बृजमोहन अग्रवाल का मामला सबसे अलग माना जा रहा है। यह बहुत स्पष्टतः नजर आता रहा है कि रायपुर के सांसद पर केन्द्र विशेषकर मोदी मेहरबान नहीं है जबकि वे प्रदेश भाजपा के ताकतवर व खूब लोकप्रिय नेता हैं। चुनाव संचालन में बेजोड़ माना जाने वाले इस नेता को पार्टी का ट्रबल शूटर भी कहा जाता रहा है। यही नहीं हर कठिन परिस्थितियों में उन्होंने स्वयं को साबित भी किया। राज्य के अनेक उपचुनाव में पार्टी की जीत के पीछे बृजमोहन की रणनीति कारगर रही है। उन्हें संसदीय कार्यो का भी लंबा अनुभव है। वे मध्यप्रदेश के जमाने में और बाद में अलग बने छत्तीसगढ में लगातार विधान सभा सदस्य और महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे। बृजमोहन अग्रवाल के बढ़ते कद से जो विरोधी आतंकित रहे हैं उनमें डॉक्टर रमनसिंह का भी नाम लिया जाता है। उन्होंने अपने पन्द्रह वर्षो के मुख्यमंत्रित्व कायर्काल में बृजमोहन के पर कतरने शुरू किए। उनके मुकाबले में तब के अनुभवहीन मंत्री राजेश मूणत को खड़ा किया गया। उनकी पीठ खूब थपथपाई गई। मूणत ताकतवर मंत्री कहे जाने लगे किंतु तमाम कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद बृजमोहन की राजनीतिक सेहत पर फर्क नहीं पड़ा। न तो उनकी राजनीतिक सक्रियता घटी और न ही लोकप्रियता कम हुई।

फिर भी उनके खिलाफ प्रयास जारी रहे। 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद यद्यपि वे विष्णुदेव साय सरकार में शामिल कर लिए गए लेकिन पार्टी के केन्द्रीय प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश की राजनीति से दूर रखने का मन पक्का कर लिया था। मौका मिला छह माह बाद ही हुए 2024 के लोकसभा चुनाव का। उनकी अनिच्छा के बावजूद उन्हें रायपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से टिकिट दे दी गई। वे राष्ट्रीय कीर्तिमान के साथ चुनाव जीत गए। बृजमोहन सांसद जरूर बन गए हैं किन्तु प्रदेश की राजनीति में वैसे ही सक्रिय है जैसे विधायक व मंत्री रहते हुए थे। उनका मानना है कि विरोधी कितनी भी कोशिश कर लें, उनका कुछ नहीं बिगाड पाएंगे क्योंकि उनके पीछे जनता की ताकत है। कोर कमेटी में अब वे नहीं हैं किंतु प्रदेश की जनपक्षधरीय राजनीति में उनका दखल कायम है।

किंतु यह मान लेना चाहिए कि अब भाजपा में बृजमोहन की राजनीति ढलान पर है। यदि कोई चमत्कार हो जाए और देर-सबेर उन्हे केन्द्रीय मंत्रिमंडल में ले लिया जाए या कोई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे दी जाए तो बात अलग है लेकिन फिलहाल इसकी उम्मीद कम ही नजर आती है। लेकिन पार्टी को इस तथ्य पर भी विचार करना होगा कि बृजमोहन जैसे वरिष्ठ व अनुभवी नेता को किनारे करने से चुनाव में पार्टी को कितना नुकसान हो सकता है।


बहरहाल कोर कमेटी व कार्य समिति से दिग्गज नेताओं को बाहर किए जाने के बाद सरकार व संगठन से नाराज असंतुष्टों की लंबी कतार बनती जा रही है। राज्य विधान सभा के अब तक के सत्रों में विष्णुदेव साय सरकार को दोहरे मोर्चे पर लड़ना पड़ रहा है। मुख्य विपक्ष कांग्रेस तो है ही, दूसरा उसका अपना प्रतिपक्ष है अर्थात अपनी ही सरकार से तल्ख सवाल करने वाले वे विधायक हैं जो असंतुष्ट खेमे का प्रतिनिधित्व करते हैं।

अब सवाल है कि क्या केन्द्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश संगठन कथित असंतुष्टों की मिजाजपुर्सी करेगा ? उन्हें शांत करने के लिए कोई मीठी या बहुत कडवी दवाई दी जाएगी ? भाजपा की राजनीति को देखते हुए कहा जा सकता है कि ऐसा कुछ नहीं होगा। कोई भी पार्टी से विद्रोह करने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा चाय की प्याली में असंतोष का जो थोडा बहुत उबाल दिखाई पड़ रहा है वह कुछ समय में ही झाग की तरह अपने आप नीचे बैठ जाएगा। लेकिन यदि कार्यकताओं की पूछ-परख नहीं होगी, सत्ता व संगठन में उन्हें सम्मान नहीं मिला, सरकार से संबंधित छोटे-मोटे कार्यों के लिए भी उन्हें तरसाया गया तो जाहिर है असंतोष का लावा अंदर ही अंदर खदबदाता रहेगा और अवसर मिलते ही बाहर आ जाएगा। बीते ढाई वर्ष में साय सरकार व संगठन के कामकाज से ऐसी स्थिति धीरे-धीरे बनती जा रही है।

फिलहाल राज्य संगठन के संदर्भ में किसी महत्वपूर्ण घटनाक्रम की प्रतीक्षा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन की कायर्कारिणी के शीघ्र गठन की उम्मीद की जा रही है। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि संगठन प्रभारी महामंत्री पवन साय के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में जमकर कार्य करने वालों में से किसे राष्ट्रीय संगठन में काम करने का अवसर मिलेगा या केवल जबानी तारीफ ही चलती रहेगी ? जो भी हो पर यह स्पष्ट है कि साय सरकार स्वतंत्र नहीं है। सत्ता के वास्तविक सूत्र संगठन के चंद नेताओं के हाथ में है जिनमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पवन साय का नाम विशेष रूप से चर्चा में रहता है। बहरहाल 2028 का चुनाव भाजपा के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण रहेगा क्योंकि सरकार की कमजोरियां संगठन पर बोझ की तरह सवार रहेंगी।

# युद्ध की तैयारी के साथ-साथ आत्मशुद्धि की भी तैयारी

## प्रधानमंत्री की नसीहत और भारतीय संस्कृति का राष्ट्रीय संदेश




*आचार्य डॉ. अजय आर्य*

**आज विश्व एक विचित्र संक्रमण काल से गुजर रहा है। कहीं युद्ध की आशंकाएँ हैं, कहीं आर्थिक संकट है, कहीं ऊर्जा और खाद्यान्न की चुनौती है। ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया संदेश केवल प्रशासनिक अपील नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का आह्वान है। यह समय केवल युद्ध की तैयारी का नहीं, बल्कि स्वयं को शुद्ध, संयमित, अनुशासित और राष्ट्रनिष्ठ बनाने का भी है। भारत की सनातन संस्कृति सदैव यह सिखाती रही है कि राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं बनता, बल्कि नागरिकों के चरित्र से निर्मित होता है। कोई भी राष्ट्र तब तक महान नहीं बन सकता जब तक उसके नागरिक त्याग, अनुशासन और आत्मसंयम का परिचय न दें।**

संस्कृत में कहा गया है—

***'धैर्य सर्वत्र साधनम्।***

***अर्थात धैर्य प्रत्येक सफलता का मूल आधार है।***

धर्म का पहला लक्षण धैर्य माना गया है। संकट के समय जो समाज धैर्य खो देता है, वह स्वयं अपने लिए समस्याएँ उत्पन्न कर लेता है। थोड़ी सी कठिनाई आते ही आवश्यक वस्तुओं का संग्रह करना, अफवाहें फैलाना, भय का वातावरण बनाना—ये सब राष्ट्र को कमजोर करते हैं। इसके विपरीत संयम, सहयोग और अनुशासन राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं।

भारतीय ऋषियों ने सदैव आत्मबल को राष्ट्रबल का आधार माना। उपनिषद में कहा गया है—

***'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।'***

***अर्थात आत्मबलहीन व्यक्ति महान उपलब्धियाँ प्राप्त नहीं कर सकता।***

आज आवश्यकता केवल बाहरी तैयारी की नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक दृढ़ता की भी है। यदि समाज भीतर से मजबूत होगा तो कोई भी संकट उसे लंबे समय तक विचलित नहीं कर सकेगा।

### छोटी-छोटी देशभक्ति ही महान राष्ट्र बनाती है

भारतीय लोककथाओं में एक अत्यंत प्रेरणादायक प्रसंग आता है। जंगल में भयंकर आग लगी हुई थी। बड़े-बड़े पशु भयभीत होकर भाग रहे थे। उसी समय एक छोटी सी चिड़िया अपनी चोंच में पानी भरकर आग पर डाल रही थी। किसी ने उससे पूछा—क्या तुम्हें लगता है कि तुम्हारी चोंच के कुछ बूंद पानी से यह विशाल जंगल की आग बुझ जाएगी?

चिड़िया ने अत्यंत मार्मिक उत्तर दिया—मुझे यह पता है कि मेरे छोटे प्रयास से आग नहीं बुझ सकती, लेकिन जब इतिहास लिखा जाएगा तब मेरी गिनती आग बुझाने वालों में होगी, आग लगाने वालों में नहीं। यही राष्ट्रधर्म है। यही भारतीयता है। हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटा-सा योगदान दे सकता है। कोई अन्न बचाए, कोई बिजली बचाए, कोई अफवाह न फैलाए, कोई जरूरतमंद की सहायता करे, कोई ईमानदारी से व्यापार करे—इन्हीं छोटे-छोटे प्रयासों से राष्ट्र महान बनता है।

संस्कृत में कहा गया है—

**'अणोरणीयान् महतो महीयान्।'**

**अर्थात छोटा प्रयास भी समय आने पर महान परिणाम उत्पन्न कर सकता है।**

आज आवश्यकता इस बात की नहीं कि हम यह सोचें कि अकेले हमारे प्रयास से क्या होगा। आवश्यकता इस बात की है कि हम राष्ट्रहित में अपना कर्तव्य निभाएँ।

### स्वयं पर विजय ही सबसे बड़ी विजय

आदि आदि शंकराचार्य ने कहा था–

***'यो जितात्मा स एव सम्राट्।'***

***अर्थात जिसने स्वयं को जीत लिया, वही वास्तविक सम्राट है।***

दूसरों को जीत लेना महानता नहीं है। अपनी इच्छाओं, लोभ और भय पर नियंत्रण करना ही वास्तविक विजय है। आज यदि हम अपनी आवश्यकताओं को सीमित कर लें, अपव्यय रोक दें और संयमित जीवनशैली अपनाएँ, तो यह भी राष्ट्रसेवा ही है।

भारतीय संस्कृति में त्याग को सवीच्च आदर्श माना गया है—

***'त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः।'***

***अर्थात त्याग के द्वारा ही अमरत्व की प्राप्ति होती है।***

### भगवान राम से सीखने योग्य राष्ट्रधर्म

भगवान राम भारतीय संस्कृति में मर्यादा, त्याग और राष्ट्रधर्म के सवीच्च प्रतीक माने जाते हैं। जब वनवास का समय आया, तब उन्होंने परिस्थितियों को दोष नहीं दिया, न ही समाज में विद्रोह उत्पन्न किया। उन्होंने व्यक्तिगत सुख से ऊपर धर्म और व्यवस्था को महत्व दिया।

***'रघुकुल रीति सदा चली आई,***
***प्राण जाए पर वचन न जाई।'***

आज समाज को भी यही भावना अपनानी होगी। राष्ट्रहित में यदि कुछ कठिनाइयाँ सहन करनी पड़ें, तो उन्हें धैयर्पूर्वक स्वीकार करना चाहिए। त्याग और अनुशासन के बिना कोई भी राष्ट्र दीघर्काल तक महान नहीं रह सकता।

### महाभारत का संदेश : पहले मन जीतिए

महाभारत हमें सिखाता है कि युद्ध केवल शस्त्रों से नहीं जीते जाते, बल्कि मानसिक शक्ति, नीति और धर्म से जीते जाते हैं। युद्धभूमि में अर्जुन पहले मानसिक रूप से विचलित हुए थे। तब श्रीकृष्ण ने उन्हें आत्मबल और कर्तव्य का उपदेश दिया।

***'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।'***

**अर्थात व्यक्ति का अधिकार केवल अपने कर्तव्य पर है। परिणाम की चिंता से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म निभाना ही सच्चा पुरुषार्थ है।**

### जापान की देशभक्ति से सीख

विश्व में जापान का उदाहरण राष्ट्रीय अनुशासन और देशभक्ति के लिए अत्यंत प्रेरणादायक माना जाता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जापान पूर्णतः तबाह हो चुका था। हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिर चुके थे। अर्थव्यवस्था नष्ट हो गई थी। किंतु जापान के नागरिकों ने निराशा को स्वीकार नहीं किया।

वहाँ के लोगों ने यह निश्चय किया कि वे अपने राष्ट्र को पुनः खड़ा करेंगे। जापानी नागरिकों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने व्यक्तिगत सुविधा से ऊपर राष्ट्रहित को रखा। वे सार्वजनिक संपत्ति को अपनी संपत्ति मानते हैं। संकट के समय लोग संग्रह नहीं करते, बल्कि आवश्यकतानुसार वस्तुओं का उपयोग करते हैं ताकि सबको समान अवसर मिले।

एक प्रसिद्ध घटना का उल्लेख किया जाता है कि जब जापान में भूकंप आया, तब दुकानों के बाहर लंबी कतारें लगी थीं, किंतु कहीं भी धक्का-मुक्की या लूटपाट नहीं हुई। लोगों ने उतना ही सामान लिया जितनी उन्हें आवश्यकता थी। यही राष्ट्रभक्ति है। देशभक्ति केवल नारों से नहीं आती; वह नागरिक आचरण से प्रकट होती है।

### भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी पारिवारिक और सामाजिक व्यवस्था रही है। पश्चिमी देशों में व्यक्ति संकट के समय अकेला पड़ जाता है, किंतु भारत में परिवार और समाज साथ खड़े होते हैं। यही कारण है कि भारत ने अनेक कठिन परिस्थितियों को सहन किया और फिर भी अपनी सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा।

आज भी यदि समाज परस्पर सहयोग की भावना बनाए रखे, तो कोई संकट बड़ा नहीं रहेगा। भारतीय संस्कृति 'मैं' नहीं, 'हम' की संस्कृति है।

***'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।'***

### सैनिकों के त्याग को भी समझना होगा

जब भारतीय सैनिक सीमा पर बर्फीली चोटियों में अपने परिवार से दूर रहकर राष्ट्र की रक्षा कर सकता है, तब क्या सामान्य नागरिक थोड़ी असुविधा सहन नहीं कर सकता? सैनिक केवल बंदूक से नहीं लड़ता; उसके पीछे पूरे राष्ट्र का विश्वास खड़ा होता है। यदि देश का नागरिक अनुशासित रहेगा, अफवाहों से बचेगा और संयम रखेगा, तो यह भी सैनिकों के प्रति सम्मान का एक स्वरूप होगा।

### संकट में व्यापारी वर्ग की भूमिका

भारत का इतिहास बताता है कि जब-जब राष्ट्र पर संकट आया, तब-तब समाज के संपन्न वर्ग ने भामाशाह की भूमिका निभाई। भामाशाह ने अपना समस्त धन राष्ट्ररक्षा के लिए समर्पित कर दिया था। आज भी यदि व्यापारी वर्ग ईमानदारी और संयम का परिचय दे, कृत्रिम अभाव उत्पन्न न करे और राष्ट्रहित में सहयोग करे, तो यह आधुनिक भामाशाह की भूमिका ही होगी।

आज कुछ व्यापारी संगठनों ने प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन किया है। यह स्वागतयोग्य है। निश्चित रूप से उनके सामने आर्थिक चुनौतियाँ होंगी, लेकिन राष्ट्रहित सवीपरि होना चाहिए।

### ईरान का प्रेरक प्रसंग

ईरान के युद्धकाल के अनेक उदाहरण विश्व को प्रेरणा देते हैं। युद्ध के समय वहाँ कई दुकानों पर लिखा गया—'अभी आवश्यक सामान ले जाइए, युद्ध समाप्त होने के बाद भुगतान कर दीजिए।'

यह केवल व्यापार नहीं था; यह राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना थी। इसके विपरीत यदि कोई व्यक्ति संकट के समय अवसरवादिता दिखाता है, वस्तुओं का संग्रह करता है या कृत्रिम महँगाई उत्पन्न करता है, तो वह राष्ट्र को कमजोर करता है।

### स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का महत्व

महात्मा गांधी ने स्वदेशी को केवल आर्थिक आंदोलन नहीं माना, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान का प्रतीक बताया। चरखा केवल सूत कातने का साधन नहीं था; वह आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक था।

आज भी यदि हम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें, अनावश्यक विदेशी निर्भरता कम करें और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें, तो यह भी राष्ट्रसेवा का एक रूप होगा।

### युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

आज भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र माना जाता है। इसलिए युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। युवाओं को चाहिए कि वे सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने के बजाय सकारात्मकता और जागरूकता का वातावरण बनाएँ। राष्ट्रभक्ति केवल सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं होनी चाहिए। अनुशासन, सेवा, परिश्रम और चरित्र निर्माण ही वास्तविक देशभक्ति है।

### आत्मशुद्धि का अवसर

आज का समय हमें यह सिखा रहा है कि केवल आर्थिक समृद्धि पर्याप्त नहीं है। यदि समाज में धैर्य, अनुशासन, संयम और राष्ट्रीय चेतना नहीं होगी, तो बाहरी शक्ति भी स्थायी नहीं रह सकती।

इसलिए यह समय केवल युद्ध की तैयारी का नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का अवसर है। अपने भीतर से भय, लालच और स्वार्थ को समाप्त करने का अवसर है। अपने जीवन को सरल, संयमित और राष्ट्रहितकारी बनाने का अवसर है।

अंत में यही कहना उचित होगा—

***'उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।'***

**अर्थात केवल इच्छाओं से नहीं, बल्कि पुरुषार्थ, अनुशासन और कर्म से कार्य सिद्ध होते हैं।**

यदि भारत का प्रत्येक नागरिक उस छोटी चिड़िया की तरह अपना योगदान देने लगे, तो निश्चय ही हमारा राष्ट्र पुनः सोने की चिड़िया बन सकता है। इतिहास उन्हीं राष्ट्रों का गौरवगान करता है जिनके नागरिक संकट के समय अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हैं।

***'वसुधैव कुटुम्बकम्।'***

***अर्थात सम्पूर्ण विश्व एक परिवार है।***

आर्य विचारधारा के प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी राष्ट्र और समाज के उत्थान को धर्म का महत्वपूर्ण अंग माना था। उनका स्पष्ट मत था कि जो समाज अपने राष्ट्र, संस्कृति और सत्य के प्रति जागरूक नहीं रहता, वह धीरे-धीरे पराधीनता और पतन की ओर बढ़ जाता है। उन्होंने वेदों के प्रकाश में स्वाभिमान, स्वदेशी, शिक्षा और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध उद्घोष—

***'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्।'***

***अर्थात समस्त विश्व को श्रेष्ठ बनाओ।***

यह केवल धार्मिक संदेश नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का भी महान सूत्र है। स्वामी दयानंद का मानना था कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके चरित्रवान नागरिकों में होती है। यदि व्यक्ति सत्य, अनुशासन और राष्ट्रहित को अपने जीवन का आधार बना ले, तो कोई भी शक्ति उस राष्ट्र को कमजोर नहीं कर सकती।

इसी भावना के साथ हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि देशभक्ति केवल युद्धकाल का भाव नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का आचरण है। राष्ट्र के प्रति ईमानदारी, संसाधनों का संयमित उपयोग, समाज के प्रति संवेदनशीलता और संकट के समय धैर्य—यही सच्ची राष्ट्रसेवा है। जब भारत का प्रत्येक नागरिक इस भावना को आत्मसात करेगा, तब निश्चय ही हमारा राष्ट्र पुनः विश्व के समक्ष आदर्श बनकर उभरेगा।

**( लेखक गैर राजनीतिक , विचारक, समाजसेवी एवं आर्य समाज के सुप्रतिष्ठित विद्वान हैं )**

# एसआर हॉस्पिटल में पैरामेडिकल छात्रों को बांटे प्रमाणपत्र, साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र

## दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल बोले : नए बीएनएस कानून की जानकारी जरूरी, नए कानून के तहत नागरिकों के क्या अधिकार और कर्तव्य

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग-भिलाई*

चिखली स्थित एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्स के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मार्कशीट वितरण और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल और साइबर सेल के डॉक्टर संकल्प रॉय मुख्य अतिथि रहे।

### 79 छात्र हुए उत्तीर्ण, मेधावियों को मिला प्रमाणपत्र

संस्थान में छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन और ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन कोर्स के 79 छात्र पास हुए। पैथोलॉजी में 20, एक्स-रे टेक्नीशियन में 30 और ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन में 30 छात्रों ने परीक्षा दी थी। पैथोलॉजी में ईशा राठौड़ प्रथम, नीलम झांडगे द्वितीय, ओमेश्वरी साहू तृतीय रहीं। ओटी टेक्नीशियन में गोवर्धन पटेल प्रथम, डॉली जंघेल द्वितीय, देवनारायण तृतीय रहे। एक्स-रे टेक्नीशियन में भूपेश चंद्राकर





प्रथम, पूरनलाल द्वितीय, देवेन्द्र कुमार तृतीय रहे। सभी को प्रमाणपत्र दिए गए। चेयरमैन संजय तिवारी ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### साइबर क्राइम और बीएनएस पर विशेष सत्र

मार्कशीट वितरण के साथ दुर्ग पुलिस ने जागरूकता सत्र आयोजित किया। टीम ने छात्रों और स्टाफ को साइबर क्राइम के बढ़ते खतरों, ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीकों और सोशल मीडिया सुरक्षा की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने नए बीएनएस कानून के प्रमुख प्रावधानों को भी समझाया। बताया गया कि नए कानून के तहत नागरिकों के क्या अधिकार और कर्तव्य हैं। संस्थान प्रबंधन ने सत्र को छात्रों और स्टाफ की सुरक्षा के लिए हितकारी बताया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. केके जैन, डॉ. वाई के शर्मा, डॉ. विश्वामित्र दयाल, डॉ. विनीता धुर्वे, डॉ. दिनेश क्षत्रिय, डॉ. पूजा, विजय गवांडे, संजय गुप्ता, विष्णु पाठक, डॉ. कमल किशोर शर्मा, सुनील चौहान, जय प्रकाश आर्य, प्रशांत शुक्ला, अजय तिवारी, जे एन पांडेय, अरविन्द खैरवार, विनीता आंचल, नेहा ठाकुर, सीमा शर्मा, राजेश त्रिपाठी, रेखा पारकर, जाकिर हुसैन, आशीष गोस्वामी, रेशमा साहू, कुसुम यादव सहित कॉलेज के छात्र छात्राएं और स्टाफ उपस्थित थे।

**खास खबर**

# उसर्पाक आयोजन पर भिलाई-3 में भारी वाहनों का रूट बदला




*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

भिलाई-03 स्थित मजार में 17 मई से 20 मई 2026 तक चलने वाले उसर्पाक आयोजन के दौरान यातायात पुलिस दुर्ग ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए रात में भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

### रात में भारी वाहनों की एंट्री बंद

आयोजन अवधि में रात के समय डबरापारा से सिरसागेट चौक तक दोनों ओर से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सिरसा गेट चौक से भारी वाहनों को उमदा मार्ग की ओर और डबरापारा से भारी वाहनों को हथखोज मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

### अलग पार्किंग की व्यवस्था

कार्यक्रम में आने वालों के लिए अलग पार्किंग तय की गई है। भिलाई और पावर हाउस की ओर से आने वाले वाहन बिजली ऑफिस और दशहरा मैदान में पार्क कर सकेंगे। सिरसागेट चौक और कुम्हारी की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भिलाई-03 रेलवे स्टेशन पार्किंग और राम मंदिर परिसर में व्यवस्था रहेगी।

### चौक-चौराहों पर अतिरिक्त बल तैनात

यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। आयोजन स्थल के आसपास अनावश्यक वाहन पार्क न करें और ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों के निर्देशों का पालन करें।

# थाना परिसर का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने वाले युवक ने मांगी लिखित माफी



**कबीरधाम।** थाना कोतवाली परिसर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले युवक को पुलिस ने समझाइश देकर छोड़ दिया। युवक ने लिखित में माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का आश्वासन दिया है।

पुलिस के अनुसार युवक आयान खान ने थाना परिसर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया था। वीडियो संज्ञान में आने पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल युवक की पहचान कर उसे थाने बुलाया और पूछताछ की। पूछताछ में आयान खान ने बताया कि उसने बिना किसी गलत उद्देश्य के वीडियो साझा किया था। कृत्य की गंभीरता समझ आने पर उसने गलती स्वीकार की और लिखित माफी दी।

**थाना प्रभारी ने दी समझाइश :** थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने युवक को समझाते हुए कहा कि थाना परिसर और पुलिस व्यवस्था की गरिमा बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और मर्यादा के साथ किया जाना चाहिए। भ्रामक या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली सामग्री प्रसारित करने से बचना चाहिए। कबीरधाम पुलिस ने आम लोगों, खासकर युवाओं से सोशल मीडिया का सकारात्मक और जिम्मेदार उपयोग करने की अपील की है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आपत्तिजनक या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 400 आपात वाहन और 32 फॉरेंसिक मोबाइल वैन रवाना, महिला सुरक्षा पर खास जोर

# डायल 112 अब प्रदेश के सभी 33 जिलों में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिखाई हरी झंडी

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ की अत्याधुनिक डायल 112 आपातकालीन सेवा और फॉरेंसिक मोबाइल वैन के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डायल 112 सेवा अब प्रदेश के सभी 33 जिलों में लागू हो गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहे।

### 493 वाहन बेड़े में शामिल

राज्यव्यापी विस्तार के तहत 400 नए आपातकालीन वाहन, 33 विशेष निगरानी वाहन और 60 राजमार्ग गश्ती वाहन रवाना किए गए। 2018 से संचालित डायल 112 सेवा पहले 16 जिलों तक सीमित थी। नई सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्थान पहचान तकनीक जोड़ी गई है। इससे संकट में फंसे व्यक्ति की सटीक लोकेशन मिल सकेगी। सिविल लाइंस स्थित प्राथमिक नियंत्रण केंद्र के अलावा नया रायपुर पुलिस मुख्यालय में बैकअप के लिए दूसरा नियंत्रण केंद्र भी सक्रिय किया गया है।

### कई माध्यमों से मिलेगी मदद

अब नागरिक फोन कॉल के अलावा 112 इंडिया ऐप, संकट संकेत सेवा, एसएमएस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित संवाद प्रणाली, ईमेल, वेब अनुरोध और सोशल मीडिया से भी सहायता ले सकेंगे। महिला सुरक्षा के लिए पैनिक बटन और विशेष निगरानी सुविधाएं जोड़ी गई हैं। पुलिस, एम्बुलेंस, अग्निशमन और महिला हेल्पलाइन एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी।

### 32 फॉरेंसिक वैन रवाना

नए आपराधिक कानूनों के तहत वैज्ञानिक जांच को मजबूत करने के लिए सभी 33 जिलों में आधुनिक फॉरेंसिक मोबाइल प्रयोगशालाएं गठित की गई हैं। रविवार को 32 फॉरेंसिक मोबाइल वैन मैदान में उतारी गईं।

इन वैन में रक्त नमूना परीक्षण किट, डिजिटल साक्ष्य संग्रहण उपकरण, सीसीटीवी दृश्य सामग्री निकालने की प्रणाली, जीपीएस, लैपटॉप, जनरेटर, रात्रि दृष्टि कैमरे और अन्य उपकरण लगे हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 176 के तहत सात वर्ष या अधिक सजा वाले गंभीर अपराधों में घटनास्थल पर फॉरेंसिक दल की उपस्थिति और वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य है। इन वैन से फॉरेंसिक विशेषज्ञ मौके पर ही साक्ष्यों को सुरक्षित कर प्राथमिक जांच कर सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार यह पहल कानून व्यवस्था के आधुनिकीकरण और नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है।

## राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने छोड़ा पायलट-फॉलो वाहनों का काफिला स्टाफ की गाड़ियों में भी की कटौती, ऊर्जा बचत के लिए उठाया कदम



छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने शासकीय दौरों के दौरान मिलने वाले पायलट और फॉलो वाहनों का उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने स्टाफ की गाड़ियों की संख्या में भी कटौती की है। मंत्री वर्मा ने कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा बचत और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के आह्वान से प्रेरित होकर लिया गया है। अब वे पूरे स्टाफ के साथ सीमित गाड़ियों के काफिले में ही सफर करेंगे। **खुद से शुरुआत की बात कही :** अपने फैसले पर मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि देश चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। ऐसे में देशहित से जुड़ी पहल की शुरुआत जनप्रतिनिधियों को स्वयं से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कदम से सरकारी खर्चों में कमी आएगी और आम लोगों में ईंधन संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। **लोगों ने की सराहना :** मंत्री के इस फैसले का सामाजिक संगठनों, प्रबुद्धजनों और आम नागरिकों ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि राजनेताओं द्वारा फिजूलखर्ची रोकने की यह पहल प्रेरणादायी है।

# उर्स कार्यक्रम में सुरक्षा जांच के दौरान 7 लोग धारदार हथियारों के साथ पकड़े गए



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में मुस्लिम समाज के उर्स कार्यक्रम के दौरान दुर्ग पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध धारदार हथियार रखने वाले 7 आरोपियों पर कार्रवाई की है। भारी भीड़ को देखते हुए कार्यक्रम स्थल और आसपास लगातार पेट्रोलिंग की गई।

उर्स कार्यक्रम में रात के समय बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली, मोहन नगर, पदमनाभपुर, पुरानी भिलाई, धमधा, पाटन और एसएएफ की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई।

### 7 हथियार जब्त, अलग-अलग थानों में केस

चेकिंग के दौरान 7 लोगों के पास से अवैध धारदार हथियार बरामद हुए। सभी के खिलाफ आयुध अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

**थाना सिटी कोतवाली:**

1. ऋषि यादव उम्र 19 निवासी ओम नगर उरला: अप.क्र. 248/26, धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1) बीएनएस एवं 25, 27 आयुध अधिनियम
2. तुषार अग्रवाल उम्र 23 निवासी छुरिया बाजार चौक, राजनांदगांव: अप.क्र. 249/26, धारा 25 आयुध अधिनियम
3. शेखर नामदेव उम्र 23 निवासी सोनार पारा, राजनांदगांव: अप.क्र. 250/26, धारा 25 आयुध अधिनियम

**थाना मोहन नगर:**

4. मोह. अबरार उम्र 19 निवासी आमापारा नया गांव, धमतरी: अप.क्र. 339/26, धारा 25, 27 आयुध अधिनियम
5. विधि से संघर्षरत बालक: अप.क्र. 340/26, धारा 25, 27 आयुध अधिनियम

**थाना पदमनाभपुर:**

6. गुरप्रीत सिंह उम्र 20 निवासी कैम्प-1, रामनगर तालाब के पीछे: अप.क्र. 285/26, धारा 25, 27 आयुध अधिनियम
7. विक्की गायकवाड उम्र 20 निवासी न्यू किर्तन नगर, सुपेला: अप.क्र. 284/26, धारा 25, 27 आयुध अधिनियम

**पुलिस की अपील**

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अवैध हथियार रखने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नीट-यूजी 2026 पेपर लीक : एनटीए की एक्सपर्ट टीचर मनीषा मंडारे हुए गिरफ्तार

## बायोलॉजी पेपर लीक की मास्टरमाइंड, पहले केमिस्ट्री एक्सपर्ट कुलकर्णी भी पकड़े गए

*नई दृष्टिबिंदु / नई दिल्ली-पुणे*

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुणे की सीनियर बॉटनी टीचर मनीषा गुरुनाथ मंडारे को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने मंडारे को बायोलॉजी पेपर लीक का मास्टरमाइंड बताया है। इससे पहले लातूर निवासी केमिस्ट्री टीचर पीवी कुलकर्णी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

### NTA ने दी थी प्रश्नपत्रों तक पहुंच



मनीषा मंडारे को एनटीए ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में एक्सपर्ट नियुक्त किया था। इस वजह से बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्नपत्रों तक उनकी पूरी पहुंच थी। जांच में सामने आया कि अप्रैल 2026 में मंडारे ने पुणे की मनीषा वाघमारे के जरिए कुछ नीट अभ्यर्थियों को अपने घर बुलाया। वाघमारे को 14 मई को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### स्पेशल क्लास में बताए थे पेपर के सवाल

सीबीआई के अनुसार मंडारे ने छात्रों के लिए स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। इस क्लास में उन्होंने बॉटनी और जूलॉजी के कई सवाल समझाए, नोटबुक में लिखवाए और किताबों में मार्क करवाए। सीबीआई का दावा है कि इनमें से ज्यादातर सवाल 3 मई 2026 को हुई नीट-यूजी परीक्षा के असली प्रश्नपत्र से मेल खाते थे।

**6 जगह छापे, लैपटॉप-दस्तावेज जब्त :** सीबीआई ने पिछले 24 घंटों में देशभर में 6 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान अहम दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जब्त सामग्री की जांच जारी है।

**पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द :** एनटीए ने पेपर लीक के आरोपों के बाद 3 मई 2026 को हुई नीट-यूजी परीक्षा रद्द कर दी थी। सीबीआई का कहना है कि जांच में केमिस्ट्री और बायोलॉजी पेपर लीक के मुख्य आरोपियों के साथ उन बिचौलियों की भी पहचान हुई है जिन्होंने लाखों रुपये लेकर छात्रों को इन विशेष क्लासों तक पहुंचाया था।

# अहिवारा में स्वच्छता महाअभियान : नुक्कड़ नाटक से दिया कचरा प्रबंधन का संदेश

## वार्ड - 1 और वार्ड-3 में हुआ आयोजन, घर-घर बांटे पंपलेट

*नई दृष्टिबिंदु / नंदिनी अहिवारा*

नगर पालिका परिषद अहिवारा की ओर से स्वच्छता महाअभियान 2026 के तहत शहर में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 01 स्थित संतोषी मंदिर परिसर और वार्ड क्रमांक 03 चांदनी चौक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

### चार डस्टबिन अपनाने का संदेश

नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा की पहल और सीएमओ प्रवीण गहलोत के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने रोचक प्रस्तुति के जरिए लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 की जानकारी दी। नाटक के माध्यम से सूखा कचरा, गीला कचरा, सैनिटरी कचरा और हानिकारक कचरे को अलग




रखने का महत्व समझाया गया। चार डस्टबिन अपनाएं, शहर को स्वच्छ बनाएं का संदेश दिया गया।

### घर-घर बांटे पंपलेट

नगर पालिका की टीम और स्वच्छता कर्मियों ने घर-घर जाकर पंपलेट बांटे। नागरिकों से कचरे का पृथक्करण कर सहयोग की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि सही कचरा प्रबंधन से शहर स्वच्छ होगा और पर्यावरण व स्वास्थ्य की सुरक्षा होगी।

### जनभागीदारी जरूरी : अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने कहा कि अहिवारा को आदर्श नगर बनाने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। सीएमओ प्रवीण गहलोत ने हर परिवार से चार प्रकार के कचरे के लिए अलग डस्टबिन इस्तेमाल करने की अपील की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने शहर को साफ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान इंजीनियर खिलानंद कुलहरे, बरना, ईश्वरी साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और वार्डवासी उपस्थित रहे।

# वैशाली नगर विधायक रिकेश के बड़े भाई दिनेश सेन का निधन

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन के बड़े भाई दिनेश सेन का बीती रात 17 मई को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है।

पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्वर्गीय दिनेश सेन की अंतिम यात्रा आज दिनांक 18 मई सोमवार को शाम 4 बजे उनके निवास स्थान 'खंडेलवाल जैन भवन के पीछे' से निकलेगी। इसके बाद रामनगर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

विधायक रिकेश सेन के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और शुभचिंतकों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। शोकाकुल



परिवार ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

नगर निगम भिलाई के पूर्व सभापति और विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र अरोरा ने दिनेश सेन के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतआत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर के साथ नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। हाल ही में उनकी एक सीरीज 'सिटाडेल 2' रिलीज हुई। डायरेक्टर राजामौली की मेगा बजट दक्षिण भारतीय फिल्म 'वाराणसी' भी वह कर रही हैं। अब उनके हाथ एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट और लगा है। इस फिल्म का नाम 'रीसेट' है। यह एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा को मैट स्मूकलर द्वारा निर्देशित आगामी सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'रीसेट' मिली है। इस फिल्म में उनके साथ ऑरलैंडो ब्लूम को कास्ट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा ने भी इस खबर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और इस पर एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने रिएक्ट किया। प्रियंका चोपड़ा के फैंस ने भी इस न्यूज पर जमकर रिएक्शन दिया है।

### जल्द फिल्म की शूटिंग होगी शुरू

फिल्म 'रीसेट' की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त महीने में शुरू हो सकती है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म में एक्टिंग करने के साथ इसे प्रोड्यूस भी करेंगी। बता दें कि हॉलीवुड में देसी गर्ल एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन की फील्ड में भी उतर चुकी हैं।

### कब होगी प्रियंका की फिल्म 'वाराणसी' रिलीज?

प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग करने के लिए इन दिनों भारत आती रहती हैं। इस फिल्म में उनके हीरो महेश बाबू हैं। यह फिल्म अगले साल अप्रैल महीने में रिलीज होगी।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर सिंह



**रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे।**

### भगवान शिव के किरदार में रणवीर

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह किताब 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' पर आधारित फिल्म में भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे। रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है।

### कब शुरू होगी शूटिंग

रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे। पूरी टीम स्क्रिप्ट पर काम कर रही है। पहली फिल्म की शूटिंग 2028 में शुरू होने की उम्मीद है। फिलहाल, इस प्रोजेक्ट की डिटेल्स गुप्त रखी जा रही हैं और निर्देशक का भी फैसला नहीं हुआ है। जब स्क्रिप्ट तैयार हो जाएगी, तब निर्देशक चुना जाएगा। 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के बारे में 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' अमीश त्रिपाठी की शिव त्रयी की पहली किताब है, जो 2010 में आई थी। इसमें शिव नाम के एक साधारण हिमालयी योद्धा की कहानी है, जो मेलुहा राज्य में आता है। कहानी पौराणिक कथाओं, इतिहास और कल्पना को मिलाकर बताती है। इसके बाद 'द सीक्रेट ऑफ द नागास' और 'द ओथ ऑफ द वायुपुत्रास' किताबें आईं। ये तीनों किताबें भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली श्रृंखला बन गई हैं और अब तक 25 लाख से ज्यादा किताबें बिक चुकी हैं।

# 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में दादा के रोल में नजर आएंगे जैकी श्रॉफ



जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं।

जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है।

### 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' को लेकर जैकी की राय

जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'

# हनु-मान के बाद अब महाकाली में दिखेंगे रोहित सराफ



मुंबई आरकेडी स्टूडियोज और फिल्ममेकर प्रशांत वर्मा की फिल्म 'महाकाली' को लेकर उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। 'हनु-मान' की दुनिया के अगले अध्याय 'महाकाली' से अब अभिनेता रोहित सराफ जुड़ गए हैं। यही नहीं, रोहित ने इस फिल्म के लिए हैदराबाद में शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिससे फिल्म की कहानी को एक नया मोड़ मिल गया है। गौरतलब है कि रोहित सराफ के जुड़ने से फिल्म की स्टारकास्ट और मजबूत हो गई है। खासकर नॉर्थ इंडिया में उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है, जो फिल्म को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने में मदद करेगी। हालांकि फिल्म में अक्षय खन्ना और भूमि शेट्टी भी अहम भूमिकाओं में नजर आनेवाले हैं और दोनों कलाकारों के फर्स्ट लुक पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर चुके हैं। फर्स्ट लुक के जरिए उनके दमदार और इंटेंस अंदाज को देखते हुए फिल्म से दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

# शोर से दूर रहकर ही कलाकार बेहतर काम कर सकते हैं



आज के समय में सोशल मीडिया कलाकारों के लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां लोकप्रियता भी मिलती है और आलोचना भी। एक तरफ जहां फैंस अपने पसंदीदा सितारों से जुड़ पाते हैं, वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन ट्रोलिंग भी तेजी से बढ़ रही हैं। इसी मुद्दे पर अब अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने आईएएनएस संग बातचीत में अपनी बेबाक राय रखी। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव और उससे दूरी बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। रकुल प्रीत सिंह ने कहा, ''एक कलाकार के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह सोशल मीडिया पर चल रहे शोर और लगातार आने वाली प्रतिक्रियाओं से खुद को अलग रखना सीखे। अगर कोई कलाकार इंटरनेट पर लिखी हर बात को दिल से लगाने लगे, तो उसका असर उसके काम और मानसिक स्थिति दोनों पर पड़ सकता है।'' रकुल ने कहा, ''जब मैंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब सोशल मीडिया इतना व्यापक नहीं था। उस समय कलाकारों को आज की तरह तुरंत प्रतिक्रिया नहीं मिलती थी, जिससे मानसिक दबाव भी कम रहता था। उस दौर में आलोचना और चर्चा का तरीका अलग था, जबकि आज के समय में हर व्यक्ति अपनी राय तुरंत और मुखर होकर सोशल मीडिया पर व्यक्त करता है।''

# 'फोर्स 3' के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत



अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है। इसलिए उन्होंने अपने ट्रेनर से अनुरोध किया कि वे शूटिंग लोकेशन पर ही उन्हें ट्रेनिंग दें।

### कब रिलीज होगी 'फोर्स 3'

'फोर्स 3' में हर्षवर्धन राणे के साथ जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का पहला शेड्यूल चल रहा है। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म 'फोर्स 3' 19 मई 2027 को रिलीज होगी। 'फोर्स 1' 2011 में रिलीज हुई थी, जिसमें जॉन अब्राहम और जेनेलिया डिसूजा थे। इसके बाद 'फोर्स 2', 2016 में रिलीज हुई थी। अब 'फोर्स 3' रिलीज होगी। यह भी एक्शन थ्रिलर फिल्म है।

# पहले चुप रहती थी..., अब किसी की बदतमीजी बर्दाश्त नहीं करती



**'बालिका वधू' की छोटी आनंदी बनकर घर-घर पहचान बनाने वाली अविका गौर अब एक बार फिर 'खतरों के खिलाड़ी' के मंच पर लौट रही हैं। लेकिन, इस बार उनकी वापसी सिर्फ एक रियलिटी शो का हिस्सा बनने के लिए नहीं है। सीजन 9 में सबसे पहले बाहर होने के बाद अविका अब अपने डर, अपनी पुरानी छवि और खुद की कमजोरियों से दोबारा भिड़ने जा रही हैं। बातचीत के दौरान अविका ने साफ कहा कि पहले वाली 'सहन करने वाली' लड़की अब बदल चुकी है। अब वह किसी की भी बदतमीजी चुपचाप सहने वालों में से नहीं हैं।**

### मेरे अंदर की बहादुर लड़की को लोगों ने कभी देखा ही नहीं

अविका मानती हैं कि इस बार शो में सबसे बड़ा चैलेंज कोई स्टंट नहीं, बल्कि खुद को बिना किसी पर्दे के लोगों के सामने रखना है। उन्होंने कहा, 'लोगों को ये देखना चाहिए कि उस मासूमियत के साथ मेरे अंदर एक ऐसा हिस्सा भी है जो बहादुर है और मुश्किल चीजों से डरता नहीं है। मैं चुनौतियों से पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। मुझे लगता है कि लोगों ने हमेशा मेरा सिर्फ एक ही रूप देखा है। लेकिन अब शायद वो समझ पाएंगे कि मैं मेंटली कितनी मजबूत हूं और मुश्किल हालात को संभाल सकती हूं।'

### मैं हमेशा सोच-समझकर बोलती थी... अब वो रोक हटानी है

इस बार अविका को सबसे ज्यादा डर ऊंचाई या खतरनाक एक्शन से नहीं...बल्कि उन चीजों से लग रहा है जिनका नाम सुनकर भी वह असहज हो जाती हैं। 'मुझे लगता है सबसे ज्यादा तनाव खुद को एक बिल्कुल अलग माहौल में साबित करने का है। रियलिटी शो मेरा जोन कभी नहीं रहे। मैं हमेशा बहुत सावधान रही हूं कि मुझे क्या बोलना चाहिए, कैसे रिएक्ट करना चाहिए ...मेरी छवि कैसी दिखनी चाहिए। मैं हर चीज बहुत सोच-समझकर बोलती हूं। लेकिन रियलिटी शो में आप हर वक्त खुद को रोक नहीं सकते। मुझे लगता है कि उस रोक को हटाना किसी भी स्टंट से ज्यादा मुश्किल है। शायद पहली बार लोग मुझे बिल्कुल असली रूप में देखेंगे।'

### 21 साल की उम्र में मैं बहुत नासमझ थी

अविका मानती हैं कि इस बार लोग उनका ऐसा रूप देखने वाले हैं, जिसे उन्होंने वर्षों तक सबसे छिपाकर रखा। 'मैं खुद को बहुत ज्यादा कॉम्पिटिटिव नहीं कहूंगी। ऐसा नहीं है कि मैं प्रतियोगिता के बिना नहीं रह सकती। मुझे मस्ती करना पसंद है। लेकिन अगर मैं किसी प्रतियोगिता का हिस्सा हूं, तो मैं उसे हल्के में भी नहीं लूंगी। मैं पूरी ईमानदारी के साथ मुकाबला करूंगी। मुझे लगता है कि रोहित शेट्टी मेरा बदलाव देखकर हैरान होंगे। क्योंकि जब मैं सीजन 9 में 21 साल की उम्र में गई थी, तब मैं बहुत नासमझ थी। मैं बेवकूफ थी, खुद को लेकर असमंजस में थी और काफी मोटी भी थी... लेकिन अब मैं बहुत अलग हूं। अब मैं खुद को ज्यादा समझती हूं।'

### अब लोग जानेंगे कि मेरे दिमाग में सच में क्या चलता है

शो में जाने से पहले उनके घरवाले भी काफी तनाव में हैं। वजह सिर्फ स्टंट्स नहीं, बल्कि अविका का बदला हुआ स्वभाव भी है। 'मुझे लगता है लोग मेरे असली और बेबाक रूप के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। मैंने हमेशा अपने उस रूप को बहुत छिपाकर रखा है। मैं कई चीजें बोलना चाहती थी लेकिन खुद को रोक लेती थी। लेकिन अब मुझे लगता है कि लोगों को ठीक वैसे ही देखना चाहिए कि मेरे दिमाग में क्या चलता है, मैं हालात को कैसे देखती हूं और असल में मैं कैसी हूं।'

### पहले मैं बहुत सहन कर लेती थी... अब बिल्कुल नहीं

'सब लोग एलर्जी और शरीर पर होने वाले रिएक्शन को लेकर बहुत ज्यादा परेशान हैं। वो नहीं चाहते कि पिछली बार जैसा अनुभव दोबारा हो। लेकिन मुझे लगता है कि मेरे माता-पिता इस बात से ज्यादा डरते हैं कि अगर किसी ने गलत व्यवहार किया तो मैं कैसे प्रतिक्रिया दूंगी, क्योंकि पहले मैं बहुत सहन कर लेती थी। मैं बहुत चीजें नजरअंदाज कर देती थी। लेकिन अब मैं किसी की भी बदतमीजी बर्दाश्त नहीं करती। अगर कुछ गलत लगे तो मैं चुप नहीं रह पाती।'

# लालबाग पुलिस ने पकड़े मवेशी तस्कर, पिकअप और कार सहित 14 लाख का माल किया जब्त

## छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र बूचड़खाना ले जा रहे थे 4 भैंस, पुलिस ने महाराष्ट्र के चार आरोपी को किया गिरफ्तार

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

थाना लालबाग पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र बूचड़खाना ले जाए जा रहे 4 मवेशियों को पुलिस ने पिकअप और पायलेटिंग कर रही कार के साथ पकड़ा। मामले में महाराष्ट्र के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### ट्रांसपोर्ट नगर चौक पर पकड़े गए तस्कर

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर 17 मई की सुबह थाना लालबाग स्टाफ ने ट्रांसपोर्ट नगर चौक पेंड्री के पास हिकमतअमली से वाहनों को रोका। महिंद्रा पिकअप में 4 नग भैंसों को ठूंस-ठूंस कर क्रूरता पूर्वक बिना चारा पानी के भरा गया था। पिकअप के आगे एक होंडा अमेज कार पायलेटिंग कर रही थी। दोनों वाहन महाराष्ट्र की ओर जा रहे थे।



### 14.06 लाख का माल जब्त

पुलिस ने 4 नग मवेशी कीमत 80,000 रुपए, अशोक लीलैंड पिकअप क्रमांक टव्ल 49 इ 9132 कीमत 10,00,000 रुपए, होंडा अमेज कार क्रमांक टव्ल 02 उह 5753 कीमत 3,00,000 रुपए और 5 नग मोबाइल फोन कीमत 26,500 रुपए जब्त किए। कुल जप्त माल की कीमत 14,06,500 रुपए है।

### चारों आरोपी नागपुर के निवासी

गिरफ्तार आरोपियों में नितेश शिवरतन भंवरिया उम्र 36 निवासी VHB कॉलोनी शांति नगर नागपुर, शाहरुख खान उम्र 31 निवासी ताज नगर नागपुर, मोहम्मद मुबाशिर उम्र 30 निवासी पांचपावली नागपुर और मोहम्मद साजिद उम्र 38 निवासी कामठी नागपुर शामिल हैं।

### अपराध किया दर्ज और न्यायालय में पेश

चारों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ), 11(1)(ज) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड लिया जा रहा है। पुलिस अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव मंजुलता बाज और नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में की गई।

**खास खबर**

# सेना प्रमुख के बयान और पाक में हिंदू नामों की बहाली पर राजनांदगांव में प्रतिक्रिया



## मिथिला धाम मंदिर अध्यक्ष बोले : सेना प्रमुख का बयान गौरवान्वित करने वाला, मरियम नवाज का कदम सराहनीय

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दो समाचारों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी की पाकिस्तान को दी चेतावनी और पाकिस्तान पंजाब की नेता मरियम नवाज द्वारा हिंदू नामों की बहाली को लेकर बयान जारी किया।

### "सेना प्रमुख का बयान हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाला"

अशोक चौधरी ने कहा कि सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आतंकवाद को बढ़ावा दिया गया और भारत पर प्रभाव पड़ा तो पाकिस्तान को तय करना होगा कि वह भूगोल के नक्शे में रहे या इतिहास बन जाए। भारत आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर से भी घातक हमला कर सकता है। चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान को यही भाषा समझ आती है। यह हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाला बयान है। इसके लिए सेना प्रमुख को साधुवाद।

### मरियम नवाज के फैसले को बताया सराहनीय

चौधरी ने दूसरे समाचार का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान पंजाब की प्रमुख नेता मरियम नवाज ने 1990 के दशक में बदले गए हिंदू नाम वाले संस्थानों और स्थलों के नाम वापस हिंदू नाम करने का फैसला किया है। उनके अनुसार लाहौर का इस्लामपुरा अब कृष्णा नगर, बाबरी चौक फिर से जैन मंदिर चौक और सुन्नत नगर अब संत नगर कहलाएगा। कई अन्य स्थानों के नाम भी बदले जा रहे हैं।

### "हिंदू मुसलमान संबंधों के लिए बड़ा कार्य"

अशोक चौधरी ने कहा कि यह हिंदू मुसलमान के प्रगाढ़ संबंधों के लिए बहुत बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हिंदू सिख अल्पसंख्यक हैं। मरियम नवाज का यह कार्य सराहनीय है। हम भारतवासी हिंदू होने के नाते मरियम नवाज को धन्यवाद देते हैं।

# उसलापुर वन रोपणी क्षेत्र में पशुओं के सुरक्षित व्यवस्थापन की विभाग ने दी जानकारी

**बेमेतरा।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला बेमेतरा द्वारा उसलापुर वन रोपणी क्षेत्र में घुमंतु एवं बेसहारा पशुओं की मृत्यु को लेकर प्रसारित भ्रामक खबरों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया गया है कि पशुओं के परिवहन अथवा व्यवस्थापन के दौरान किसी भी पशु की मृत्यु नहीं हुई है।

जारी जानकारी के अनुसार ग्राम उसलापुर, भीमपुरी एवं चिटकुली के मध्य स्थित वन रोपणी क्षेत्र में अक्टूबर 2025 के दौरान निरीक्षण में लगभग 200 घुमंतु एवं बेसहारा पशु पाए गए थे। विभाग ने बताया कि यह क्षेत्र लंबे समय से घुमंतु पशुओं के ठहराव का स्थान रहा है तथा आसपास के गांवों में मृत पशुओं को भी पूर्व से इसी क्षेत्र में डालने की परंपरा रही है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में पाए गए मृत पशुओं की मृत्यु परिवहन अथवा व्यवस्थापन के दौरान नहीं हुई थी। पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, विकासखंड बेमेतरा की रिपोर्ट के अनुसार 24 अक्टूबर 2025 से 1 दिसंबर 2025 तक कुल 6 पशुओं की मृत्यु हुई थी, जिनका विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। परीक्षण में किसी प्रकार की चोट अथवा परिवहन से मृत्यु के प्रमाण प्राप्त नहीं हुए। रिपोर्ट में पशुओं की मृत्यु का कारण निमोनिया एवं अन्य प्राकृतिक कारण बताया गया है।

विभाग ने जानकारी दी कि दिसंबर माह से अब तक कुल 314 पशुओं का विभिन्न गौठानों एवं गौशालाओं में व्यवस्थापन किया गया है। इनमें दिसंबर माह में 56 तथा अप्रैल माह से अब तक 258 पशुओं को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित किया गया। परिवहन किए गए सभी पशु स्वस्थ पाए गए तथा गौठानों में पहुंचने के बाद भी संबंधित गौठान सचिव एवं गोसेवकों द्वारा पशुओं के स्वस्थ होने की पुष्टि की गई है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि अपुष्ट एवं भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें तथा सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें।

# स्वास्थ्य जागरूकता के लिए राजनांदगांव में निकली 'फिट इंडिया संडे ऑन सायकल' रैली

## छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष बोले : फिट रहने के लिए नियमित सायकल चलाएं

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*



भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में रविवार को 'फिट इंडिया संडे ऑन सायकल' रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना था।

### 75वें संस्करण का आयोजन

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का 75वां एडिशन है। साईं सेंटर राजनांदगांव पिछले 75 रविवार से लगातार इसका आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों और बड़ों को सायकल चलाते देख बचपन की याद आ गई। पहले जिसके पास सायकल होती थी उसे धन्य कहा जाता था। अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन सायकल चलाना चाहिए।

### नियमित अभ्यास से स्वास्थ्य : उमेश भोजानी

सेंट्रल जीएसटी अधीक्षक उमेश भोजानी ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए नियम और अनुशासन जरूरी है। इससे नियमित अभ्यास कर फिट रहा जा सकता है। सौरभ शर्मा ने कद्दू की कहावत से स्वास्थ्य का संदेश दिया और कहा कि जीवन में स्वस्थ रहना है तो नियमित सायकल चलाएं।




### प्रति रविवार होता है आयोजन

साईं सेंटर के केंद्र प्रभारी के सी त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर प्रति रविवार पूरे देश में फिट इंडिया सायकल रैली आयोजित की जाती है। समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने कहा कि 'फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज' का संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम होता है। कार्यक्रम में वैभव शर्मा, विपिन पंड्या, सुखदेव राउत, दीपा राजपूत, शकील अहमद, कृष्णा यादव, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन, जय हिंद निषाद, कुमारू राम पटेल सहित सांई ट्रेनिंग सेंटर और खेलो इंडिया सेंटर के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# राजनांदगांव में अवैध रेत-मुरूम उत्खनन पर कार्रवाई, 1 जेसीबी और 4 हाईवा किया जब्त



## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने की छापेमारी, चार थानों में सुपुर्द

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर खनिज विभाग ने जिले में अवैध रेत और मुरूम के उत्खनन व परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान 1 जेसीबी और 4 हाईवा जब्त किए गए।

### डोंगरगढ़ और राजनांदगांव तहसील में छापा

खनिज विभाग की टीम ने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम धारा, मोहारा तथा राजनांदगांव तहसील के ग्राम ठेलकाडीह, इरईकला और घुमका का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच में रेत और मुरूम का अवैध उत्खनन व परिवहन पकड़ा गया।

### जब्त वाहनों का विवरण

1. मनीष चंद्राकर के स्वामित्व वाली जेसीबी सीजी 08 पी 8112 से वाहन चालक विशाल वर्मा मुरूम का अवैध उत्खनन कर रहा था।
2. हाईवा सीजी 08 बीए 9700 से वाहन चालक विजय गेण्ड्रे मुरूम का अवैध परिवहन कर रहा था। दोनों वाहन थाना मोहारा को सुपुर्द किए गए।
3. पुरानिक सोनवानी के स्वामित्व वाले हाईवा सीजी 08 बीसी 3622 से वाहन चालक प्रहलाद पाल रेत का अवैध परिवहन कर रहा था। वाहन थाना ठेलकाडीह को सौंपा गया।
4. दीनदयाल के स्वामित्व वाले हाईवा सीजी 08 एक्यू 6676 से वाहन चालक दीनदयाल और हाईवा सीजी 08 एजे 9270 से वाहन चालक अनिल मुरूम का अवैध परिवहन कर रहे थे। दोनों वाहन थाना घुमका को सुपुर्द किए गए।

### कानून के तहत कार्रवाई

सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण रोकने के लिए लगातार गश्त व निगरानी जारी है।

# दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण की दिशा में खैरागढ़ जिले की विशेष पहल

## कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल ने किया अवधी भाषा की प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपि का अवलोकन

*नई दृष्टिबिंदु / खैरागढ़*

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल के मार्गदर्शन में जिले में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर ज्ञान भारतम ऐप के माध्यम से उनका पंजीयन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज ठाकुरपारा खैरागढ़ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक श्री गोपाल दीक्षित के पास सुरक्षित दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपि का अवलोकन कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर



इंद्रजीत चंद्रावल द्वारा किया गया। श्री दीक्षित ने जानकारी दी कि यह हस्तलिखित पांडुलिपि अवधी भाषा में लिखी गई है, जिसमें घोड़ों से संबंधित विस्तृत जानकारी संकलित है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में घोड़े यातायात एवं आवागमन का प्रमुख साधन हुआ करते थे, इसलिए यह ग्रंथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस दौरान श्री दीक्षित द्वारा सन 1925 ईस्वी के ब्रिटिशकालीन स्टाफ एवं तत्कालीन दीवान के हस्तलिखित पत्र भी प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखकर अधिकारियों ने इसे ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए सराहना की। कलेक्टर श्री चंद्रावल ने कहा कि जिले में संरक्षित ऐसी दुर्लभ पांडुलिपियां हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इनके संरक्षण एवं डिजिटलीकरण से आने वाली पीढ़ियों को इतिहास और परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी टांकेश्वर प्रसाद साहू, प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार साखेद, प्रापपादक मंगलानंद झा सहित गोपाल दीक्षित के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

# चिखली में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

## 7.74 लीटर देशी शराब जब्त, अशांति फैलाने वाले दो बदमाशों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

चौकी चिखली पुलिस ने अवैध शराब बिक्री और अशांति फैलाने वालों पर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं झगड़ा कर माहौल बिगाड़ रहे दो बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।



### प्राथमिक शाला के पास बेच रहा था शराब

17 मई को सूचना मिली कि ग्राम बोईरडीह के प्राथमिक शाला भवन की बाउंड्री के पास अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। चौकी चिखली पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी उगेश पारधी पिता संतलाल पारधी उम्र 33 साल निवासी बोईरडीह को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 43 पौवा सवा शेरा देशी शराब कुल 7.740 बल्क लीटर कीमत 3440 रुपए और बिक्री रकम 200 रुपए जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी एक्ट के मामले दर्ज हैं।

### दो बदमाशों पर हुई कार्रवाई

अभियान के तहत अशांति फैला रहे दो बदमाशों पर भी कार्रवाई हुई। युधिष्टिर राजपूत पिता सुरेश राजपूत उम्र 24 साल निवासी चिखली रमन बाजार और अरविंद यादव पिता गणेश यादव उम्र 25 साल निवासी भरकापारा थाना कोतवाली को झगड़ा विवाद करने पर पकड़ा गया। दोनों के खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में की गई। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, प्रआर अरूण नेताम, मप्रआर वंदन पटले, आरक्षक आदित्य सोलंकी, गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी और चौकी चिखली स्टाफ की भूमिका रही।

# अवैध गांजा बिक्री के फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

चौकी चिखली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री के फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नबी हुसैन उर्फ सोहेल खान उर्फ छोटू को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### सहयोगी आरोपिया पहले हो चुकी गिरफ्तार

15 मई 2026 को चिखली तालाब पार में पुलिस ने नेहा मरकाम के कब्जे से 2.492 किलोग्राम गांजा कीमत 24920 रुपए जब्त किया था। आरोपिया को रंगे हाथ पकड़कर वैधानिक कार्रवाई के बाद जेल भेजा गया था। मादक पदार्थ बिक्री के लिए उपलब्ध कराने वाला मुख्य आरोपी सोहेल उर्फ छोटू तब से फरार था।




**पहले सहयोगी महिला से 2.492 किलो गांजा जब्त, भेजी जा चुकी है जेल**

### मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर जिले को नशामुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चौकी चिखली पुलिस ने रमन बाजार क्षेत्र में मुखबिर तैनात किए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने नबी हुसैन उर्फ सोहेल खान उर्फ छोटू पिता नुर हसन उम्र 27 साल निवासी वार्ड नं. 10 रमन बाजार को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी सहयोगी नेहा मरकाम के साथ मिलकर गांजा बिक्री के लिए रखना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल दाखिल किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में की गई। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, उप निरीक्षक सत्तुलाल कंवर, आरक्षक गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी और चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सोलह दूनी आठ — नई दृष्टिबिंदु

साप्ताहिक कॉलम | याज्ञवल्क्य मिश्रा

# लव यू सुशासन



गुड गवर्नेंस गवनर्मेंट याने सुशासन सरकार। ऐसी सरकार जो अहर्निश सेवा में जुटी हो उस पर भला वारी वारी जाउं मोड में सहाफी जैसा भक्त क्यों ना रहे। अब अहर्निश सेवा में रहेगी तो हर हफ़्ते कुछ न कुछ कैसे नहीं मिलेगा। अब देखिए डीजीपी साहब फुल फ़्लैश फुल पॉवर के साथ डीजीपी हो गए। सरकार के ऑर्डर में लिखा है कि 5 फरवरी 2025 से माने जाएंगे। ठीक बात है तो यह बात सवाल ही बेमानी है कि साहब सरकार हुजूर ए आला यही करना था तो पहले काहे नहीं किए। बात थोड़ी हल्की ना लग जाए इसलिए गुस्ताखी माफ मालिकों लेकिन ये बता देते कि, एक साल 100 दिन पहले से डीजीपी माना है तो तनखा का इंट्रेस्ट भी जोड़ेंगे! अच्छा छोड़िए सरकार की मर्जी है जब जो चाहे सो करे और जो मन आए सो करे, क्योंकि यही तो सुशासन है। अपने पास इससे आगे की अफवाह है। अफवाह यह कहती है कि डीजीपी का दिया आवेदन ही सरकार के माई बाप लोगों ने गुमशुदा कर दिया है। यह एप्लीकेशन उस सरकारी बंगला के लिए था जो डीजीपी को एलॉट होना था। अफवाहों में दर्ज है कि आवेदन दो बार दिया गया, और आवेदन शायद फिर गुम हुआ क्योंकि बंगला तो एलॉट हुआ नहीं। जलनखोरों ने बताया है कि बीते दौर में प्रशासन के सबसे बड़े साहब ने दो बंगले रख लिए। एक घर के लिए एक ऑफि स के लिए। इनमें से जो दूसरा बंगला था वह डीजीपी के लिए था। अब ऐसे में आवेदन तो गुमशुदा गुमराह होगा ही। दुश्मनों की चाह चाहे जो हो,अपना साफ मानना है सरकार को जब 'उचित समय' लगेगा। सरकार बिल्कुल आवेदन खोज कार्यवाही भी करेगी। सरकार की इन अदाओं पर कौन है जो 'लव यू' नहीं कहेगा। सहाफी तो पुरजोर लव यू बोल ही रहा है।

## ट्रेन क्यों रुकी अंकल

मध्य छत्तीसगढ़ के एक जिले में झाकड़ी लोगों का गिरोह सपड़ाया। इन भाइयों ने एलपीजी से भरे कैप्सूल की ही डील कर डाली थी। जांच की ट्रेन चली तो जिला खाद्य अधिकारी अपने सच्चे दोस्तों के साथ सपड़ाए और सीधे जेल पहुँच गए। मसला यह तैर रहा है कि, जांच की ट्रेन वहीं क्यों ठहरी, क्योंकि स्टेशन तो और आगे तक जाने थे। लेकिन ठीक है, साहब लोगों की मर्जी। अब साहब तो इसलिए ही साहब होते हैं क्योंकि सोचने विचारने से लेकर कार्यवाही तक सब वही तय करते हैं। जांच की ट्रेन रुकने को लेकर कोई भी चाहे जो कहे,सहाफी यह मानता और जानता है कि,साहब लोग जो तय करें उसी में न्याय है उसी में पुलिस या तंत्र की सवीच्च सफलता है।

## मासूम सी अर्जी

सुशासन तिहार में एक आवेदन आया है। यह आवेदन मांग कर रहा है कि सभी शराब की बोटलों पर मुख्यमंत्री जी और आबकारी मंत्री जी की तस्वीरें होनी चाहिए। आवेदक की दलील है कि जब विभागीय योजनाओं पर तस्वीरें होती हैं तो शराब की बोटल पर भी होना चाहिए। आखिर सरकारी शराब दुकान भी सरकार की योजना है और इससे सरकार के खजाने को महत्वपूर्ण रैवैन्यू मिलता है। यदि बोटल पर तस्वीर होगी तो मुख्यमंत्री जी और आबकारी मिनिस्टर सर की लोकप्रियता हर घर तक पहुँचेंगी। दलील जबर है और नेक नीयत से भरपूर भी। सुशासन सरकार जनता के प्रति जवाबदेह और हर क्षण उत्तरदायी भाव वाली है। उम्मीद करनी चाहिए कि,नागरिक की भावना का मुकम्मल सम्मान होगा। यदि सरकार ना कहेगी तो कारण भी आवेदक को तार्किक तरीके से समझाएगी भी कि आखिर क्यों नहीं करेगी। वैसे शराब से जुड़ा एक और आवेदन एक और जिले में पहुँचा है। यहाँ नागरिक ने मांग की है देसी ब्रांड की शराब सस्ती होनी चाहिए। नागरिक का तर्क है कि गरीब और ग़रीबी का ध्यान रखते हुए सरकार को यह बात सुननी चाहिए क्योंकि सरकार गरीबनवाज है।

## इसमें कैसे करें

छत्तीसगढ़ पुलिस के सरहदी इलाक़े का मामला है। वहां कत्ल के मामले में डायरी अटकी हुई है। क़ातिल के रुप में मध्यप्रदेश पुलिस के सरहदी थाने में पदस्थ हवलदार सिपाही का नाम एफआईआर में दर्ज है। छत्तीसगढ़ पुलिस जब जाती है उसे खाली हाथ तो लौटाते ही हैं, हड़काते हुरकते भी अलग से हैं। मसला ये है कि,उस सरहदी जिले में गांव के लोग प्रधानमंत्री आवास के लिए रेत ला रहे थे। इलाक़ा छत्तीसगढ़ का था लेकिन कुछ ही क़दम पर मध्यप्रदेश भी था। ट्रेक्टर पर ग्रामीण रेत लेकर गाँव की ओर बढ़े ही थे एम पी पुलिस के लोग पहुँचे और बेलचा से ऐसा मारा कि ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। इस घटना में छत्तीसगढ़ पुलिस की विवेचना में पीएम रिपोर्ट है,कत्ल भी है लाश भी है और गवाह भी। रिकॉर्ड में फरार है तो वह क़ातिल जो एमपी पुलिस के हवलदार सिपाही जी हैं। लेकिन मध्यप्रदेश पुलिस के साहब लोग कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ पुलिस का इन्वेस्टिगेशन गलत है। यह घटना नहीं दुर्घटना है याने यह कत्ल है ही नहीं,रेत चोरी कर भाग रहे थे तो खुद ही दुर्घटना के शिकार हो गए। सोचिए कि पुलिस ही पुलिस की जांच को मानने को तैयार नहीं है। इधर छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए वांटेड मध्यप्रदेश पुलिस के हवलदार सिपाही को लेकर अफवाह है कि वह इत्मिनान से ड्यूटी कर रहा है।

## लिटमस टेस्ट

राज्य में कुछ जगहों पर नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं।दुश्मनों ने उड़ाया है कि यह सरकार का लिटमस टेस्ट है। भला बताईए कैसा लिटमस टेस्ट। पहले विधानसभा जीते,फिर लोकसभा जीते और फिर नगर निगमों में भी जीते। अब इतनी अंधाधुंध जीत के बाद भला कोई लिटमस टेस्ट होता है। लेकिन दुश्मन तो दुश्मन। मसला ये भी है कि जिन जगहों पर ये चुनाव होने हैं वो या तो व्हीव्हीआईपी जिले हैं या वो जगह ही सियासती तौर पर चर्चित और प्रतिष्ठा का सबब है। सहाफी के एक साथी ने बताया है - 'कांग्रेस को अपनी मेहनत से ज़्यादा बीजेपी पर भरोसा है, देख लेना काँग्रेस जीत जाएगी।' लेकिन आप सभी जानते हैं सहाफी सरकार का कट्टर समर्थक है बल्कि बहुत ही मजबूत कट्टर समर्थक है। अव्वल तो वह यह मानता ही नहीं कि,यह कोई लिटमस टेस्ट है दूसरा वह यह भी मानता है कि सुशासन सरकार सतत निरंतर अहर्निश सेवा में लगी हुई है इसलिए जीत सुनिश्चित है।

## मतलब पहले फि जूलखर्ची थी

सरकार के विरोधी भी अजीब उझबक मिजाज है। सरकार जो कि हमेशा ही अच्छा और बेहतरीन करती है उसे लेकर सवाल की लकड़ी लेकर कोचका काड़ी करते रहते हैं।अब देखिए सरकार के फायनेंस डिपार्टमेंट ने आठ प्वाइंट में वित्तीय अनुशासन और मितव्ययिता लागू किया है। परिपत्र में लिखा है सरकारी व्यय में कटौती और संसाधनों का सीमित उपयोग। अब सरकार के दुश्मनों की हरकत देखिए। सवाल उछाल रहे हैं कि इसका मतलब ये है कि पहले असंयमित उपयोग होता था। एक ने सहाफी को आँकड़ों के साथ लिख कर भेजा कि संकट यदि देश पर है और मितव्ययिता ही देश भक्ति है तो सबसे पहले फ्री वाली योजना सरकार रोक दे। एक साल महतारी वंदन और एक साल धान समर्थन और बोनस। बिजली मुफ़्त पर भी साल भर ब्रेक। जिन्हे लाभ मिल रहा है वो भी इसी देश के निवासी हैं। वे भी यह कटौती देशहित में हँसी खुशी स्वीकार करेंगे।

## सरकार..ये इश्तहार

सरकार को ये मुकम्मल पता होगा कि,उसके एक खाकीदार साहब को लेकर इश्तेहार छपा है। मसला दुर्ग का है। एक चर्चित बल्कि बहुचर्चित बल्लमबाज थानेदार को लेकर ईश्तहार उद्योगपति की पत्नी ने छपवाया है। अलग अलग बातें अलग अलग क़ि स्से के हैं लेकिन सवाल यह है कि आखिर इश्तेहार क्यों छपा। मैडम थाने चल देंती तो यह पता चला कि थानेदार साहब को लेकर बीते दौर में मय दस्तावेज एसीबी तक को कंपलेंट हुई थी,लेकिन सबसे बड़े तुर्रम खां माने जाने वाले इस डिपार्टमेंट से कार्यवाही तो दूर चूंऽऽऽ की आवाज तक नहीं हुई,अब इससे ज्यादा किसी थानेदार के बल्लम बाज होने का भला और क्या प्रमाण चाहिए होगा।चलिए जो हुआ सो हुआ लेकिन ये तो गजब है न कि ईश्तेहार छपने लगे। वैसे सुशासन सरकार भोली है। कौन जाने सरकार ने ईश्तेहार को ही अभिनंदन विज्ञापन समझ लिया हो।

## हे हिन्दू ह्रदय सम्राट!

राज्य पुलिस सेवा साहबान के ऐसोसिएशन में विकट जोर ग़ुस्सा छाया है। इसके पीछे वजह है एक मैडम का छत्तीसगढ़ कैडर ज्वाईन वाला एप्लीकेशन। मैडम मध्यप्रदेश में सेवारत हैं और वे वहां अहर्निश सेवा दे भी सकती थीं। लेकिन वो इसलिए आ रही हैं क्योंकि उनके श्रीमान छत्तीसगढ़ पुलिस महकमे में ही पोस्टेड हैं। पर यह वजह होती तो भला राज्य पुलिस सेवा के साहबान काहे बिदक जाते। मसला ये है कि,मैडम जैसे ही आएँगी उन्हें बहुत जल्द आईपीएस कैडर मिल जाएगा,क्योंकि 2001 बैच छत्तीसगढ़ में आईपीएस बन चुका है। एसोसिएशन का मानना है कि फिर एक बार छत्तीसगढ़िया को झटका लगेगा। वैसे मैडम का कैडर चेंज का एप्लीकेशन 2022 में रिजेक्ट हो चुका है। लेकिन अब यह आवेदन फिर से आया है और पुरजोर ताक़त लगाकर इसे मंजूर कराने की क़वायद हो रही है। अब आप कहेंगे इसमें हिंदू ह्रदय सम्राट किधर से आ गए, तो इसका जवाब ये है कि, केवल इसलिए नहीं आए कि वे महकमे के भार साधक मिनिस्टर सर हैं। अफवाह है कि मैडम के एप्लीकेशन पर जोर का प्रेशर उन्हीं के इर्द गिर्द से आ रहा है। सच झूठ का राम जी जानें,लेकिन हिंदू ह्रदय सम्राट को एक बार मसले का रिव्यू शायद करना चाहिए। वैसे सलाह नहीं है भला कौन समझदार सरकार को सलाह देता है, इसलिए सहाफी तो बस अर्ज.कर रहा है।

## राम कथा का लाभ

सूबे में कहीं रामकथा चल रही है। यूँ रामजी का नाम ही सारे पाप को दूर कर देता है, तिस पर राम कथा का आयोजन हो तो क्या ही कहना। अब आयोजन इतना पुण्यकारी है तो आयोजक को भी इसका खूब पुण्य मिलेगा ही, बाक़ी जो सुन रहे हैं उन्हे तो रामजी की कृपा प्राप्त होगी ही। अब इसी में कोई कोचके बाज ने सहाफी को दम से कहा है कि, देखो भई पत्रकार जी, पुण्य सबसे ज्यादा निजी अस्पताल वालों को मिलेगा। सहाफी ने सवालिया अंदाज से देखा तो कोचकेबाज ने कहा -'ऐसा है कि चलो क्लू देते हैं,अब दक्षिणा की रसीद कहो या चंदा की किताब। 11 रुपए हो 11 लाख। जो देगा उसको पुण्य मिलेगा या नहीं।' सहाफी ने फिर पूछा भगवन 11 हजार तक भी ठीक है ये 11 लाख का आँकड़ा कैसे जा रहे हो तो जवाब आया- 'एक रसीद नहीं दी गई है पूरी बुक दी गई है उसकी टोटल राशि 11 लाख होती है।' अपने राम का मानना है कि ये सब अफवाह है एकदम कोरी अफवाह। बिल्कुल 24 कैरेट गोल्ड की तरह।

## सिग्नेचर सर..!

महकमे में एक साहब है। समझिए कि एकदम ध्रुवतारा हैं।उनका अलबेलापन ही ऐसा है कि शब्द ही मूक हो जाते हैं। नौ डिपार्टमेंट के इंचार्ज हैं और सिग्नेचर के नीचे पद और पद के नीचे प्रभार में नौ की नौ शाखा का ब्यौरा अनिवार्य रुप से होता है। ठहरिए,कहानी इससे आगे है। कथा ये है कि साहब के पास 9 डीएसपी हैं,21 टीआई हैं,3 एडिशनल एसपी हैं,एक डीआईजी हैं और फिर एसआई से लेकर सिपाही की नफरी याने संख्या तो छोड़ ही दीजिए। अब आप पूछेंगे इतना स्टाफ है तो काम की प्रगति, तो इसका जवाब यह है कि यह सवाल आउट ऑफ सिलेबस है।

# खैरागढ़ में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## पेट्रोल पंप के सामने धरना, पुलिस से झूमाझटकी, जनता पर क्यों अत्याचार के नारे

नई दृष्टिबिंदु / खैरागढ़



पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और महंगाई के विरोध में रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने किल्लापारा स्थित पेट्रोल पंप के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश और जिला कांग्रेस के आह्वान पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पेट्रोल पंप पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### धरना और पुलिस से झूमाझटकी

प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल पंप के पास धरना दिया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई। माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण रहा। कांग्रेसियों ने पेट्रोल सैकड़ा पार, जनता पर क्यों अत्याचार, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम, कैसे चलेगा आम इंसान का काम जैसे नारे लगाए।

### चुनाव खत्म होते ही दाम बढ़े : कांग्रेस

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम आदमी की कमर टूट गई है। महंगाई ने गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पांच राज्यों के चुनाव तक दाम नहीं बढ़ाए गए, लेकिन चुनाव खत्म होते ही सीधे तीन रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई।

### बड़ा आंदोलन करेंगे : मनराखन देवांगन

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि केंद्र सरकार केवल टैक्स वसूली में लगी है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतें महंगी हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार तुरंत दाम कम कर जनता को राहत दे। चेतावनी दी कि महंगाई पर नियंत्रण नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीलांबर वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरती महोबिया, सूयर्कांत यादव, भरत चंद्राकर, अरशद हुसैन, महिला शहर अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर, शेखर दास वैष्णव, पूरन सारथी, यतेन्द्र जीत सिंह छोटू, महेश यादव, रिंकू महोबिया, मोहित भांडेकर, किशन रजक, भूपेंद्र वर्मा, सूरज देवांगन, रतन सिंघी, आकाश सिंह, कन्हैया रजक, ईश्वरी वर्मा, राहुल बंजारे, जितेंद्र रजक, रजा लहरे, विनोद सिन्हा, हरी दर्शन ढीमर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# आज से 7 दिवसीय महाशिवपुराण कथा, कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

नई दृष्टिबिंदु / खैरागढ़

शहर के किल्लापारा स्थित गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में सोमवार 18 मई से सोमवार 25 मई 2026 तक सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का आयोजन होगा। यह धार्मिक आयोजन स्वर्गीय भावना श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि की स्मृति में किया जा रहा है।

### कलश यात्रा से शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ 18 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण करेंगी। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा शुरू की जाएगी।

### प्रतिदिन शाम 4 से रात 7 बजे तक कथा

मंगलवार 19 मई से महाशिवपुराण कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 7 बजे तक होगी। कथा वाचन प्रसिद्ध कथावाचक रूपेश कृष्ण मिश्रा करेंगे। परायण कर्ता के रूप में तारकेश्वर चौबे दुर्ग मौजूद रहेंगे।

### इन प्रसंगों का होगा वर्णन


सात दिनों तक भगवान शिव से जुड़े प्रसंग सुनाए जाएंगे। कथा में शिव विवाह, गणेश जन्म, कातिर्केय जन्म, रुद्र उत्पत्ति, शिव महिमा, शिवरात्रि व्रत और विभिन्न अवतारों की कथाएं शामिल हैं।

इस आयोजन के मुख्य यजमान साकेत श्रीवास्तव और समृद्धि श्रीवास्तव हैं। आयोजन में विमल श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, हर्षा श्रीवास्तव सहित परिवार और क्षेत्र के श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 मई को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक प्रसादी वितरण किया जाएगा।

# समर लीग सीजन-3 के सेमीफाइनल का आगाज

**सेक्टर-6 लाल मैदान में हुआ रोमांचक मुकाबला, 108 लाइव पर किया प्रसारण**

नई दृष्टिबिंदु / भिलाई



सेक्टर-6 स्थित लाल मैदान में भिलाई समर लीग सीजन-3 के सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ शनिवार रात हुआ। नई दृष्टिबिंदु और खबर आलोक के प्रधान संपादक आलोक तिवारी ने टॉस कराकर मैच की शुरुआत की। इस अवसर पर युवक कांग्रेस नेता इमाम खान विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक वेदांत वैष्णव और उनकी टीम कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। आयोजन में मोहिदा भाई का विशेष सहयोग रहा। सेमीफाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैदान पहुंचे।

भिलाई समर लीग सीजन-3 स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। रोमांचक मैचों का सीधा प्रसारण 108 लाइव चैनल पर किया जा रहा है, जिससे घर बैठे लोग भी मैच का आनंद ले रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि फाइनल मुकाबला जल्द ही खेला जाएगा।












"यह समाचार पत्र आलोक तिवारी द्वारा 80/बी, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ़)-490023 से आलोक तिवारी की ओर से प्रकाशित की जाती है, जिसका संपादन आलोक तिवारी द्वारा किया जाता है तथा इसका मुद्रण समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स द्वारा प्लॉट नं. 339/6, गली नं. 02, पाटन, थाना उतई, दुर्ग, (छ.ग.)-491111 पर किया जाता है। (समाचार चयन के लिए PRP Act, 2023 के तहत संपादक जिम्मेदार है)। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र दुर्ग होगा।" संपादक आलोक तिवारी, मो. 74154-69100